

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर, गुरुवार 28 मार्च 2024 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-357 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## कांग्रेस को आईटी को देने ही होंगे 523 करोड़

### दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका



**नई दिल्ली,28 मार्च.** दिल्ली हाईकोर्ट से कांग्रेस पार्टी को झटका लगा है। कोर्ट ने गुरुवार को हुई सुनवाई के बाद देश की सबसे पुरानी पार्टी द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें साल 2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के लिए आयकर विभाग के द्वारा 523 करोड़ की मांग को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति यशवन्त वर्मा और न्यायमूर्ति पुरूषेन्द्र कुमार कौरव की खंडपीठ ने इस मामले पर सुनवाई की। आपको बता दें कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने लोकसभा चुनाव से महज तीन हफ्ते पहले कांग्रेस पार्टी से 523.87 करोड़ रुपये का टैक्स मांग लिया है।

आपको बता दें कि इससे पहले 25 मार्च को कोर्ट ने कांग्रेस द्वारा दायर तीन याचिकाओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि राजनीतिक दल ने मूल्यांकन पूरा होने का समय समाप्त होने से कुछ दिन पहले अदालत का रुख करने का विकल्प चुना है। कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि आयकर विभाग के अधिकारियों ने इनकम टैक्स एक्ट के तहत कांग्रेस की आय की आगे की जांच के लिए पर्याप्त और ठोस सबूत जुटाए हैं। कोर्ट ने बीते आठ मार्च को आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश को बरकरार रखा था। इस आदेश में साल 2018-19 के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया टैक्स वसूली के लिए राजनीतिक दल को जारी नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था।

## केजरीवाल जेल में भी बने रहेंगे मुख्यमंत्री

### सीएम पद से हटाने की मांग वाली याचिका दिल्ली हाईकोर्ट ने की खारिज

**नई दिल्ली,28 मार्च.** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि न्यायिक हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है। भाजपा लगातार केजरीवाल के इस्तीफे की मांग कर रही है। अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया है। इस आबकारी नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देने के लिए अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में बने रहने की उनकी महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल है कि उन्होंने सलाखों के पीछे होने के बावजूद इस्तीफा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि देश का कानून सभी के लिए बराबर है और नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं



जायेगा। ठाकुर ने 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ''महा रैली'' को खारिज करते हुए कहा, ''चोर चोर मौसेरे भाई''। ठाकुर ने कहा कि जेल में रहने के बावजूद, केजरीवाल की मुख्यमंत्री पद की महत्वाकांक्षा कायम है और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों ने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वहीं, उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किये गये मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुधवार को अंतरिम राहत देने से इनकार किया। उच्च न्यायालय ने कहा कि इस मामले ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया है जिनपर ईडी से उसका रुख जाने बिना 'सरसरी तौर पर' फैसला नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने गिरफ्तारी और बाद में ईडी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक केजरीवाल द्वारा दायर की गयी याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया तथा दो अप्रैल से पहले उससे जवाब मांगा।

## कृषि अधिकारी के घर लगी आग

**बलौदाबाजार,28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़).** शहर के सृष्टि कालोनी में निवासरत कृषि अधिकारी के घर देर रात अचानक आग लग जाने से हडकंप मच गया. घटना के वक्त अधिकारी की पत्नी और तीन वर्ष का बच्चा घर पर ही थे. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची. आग ज्यादा फैलती इसके पहले ही आग पर काबू पा लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया. घटना कैसे हुई और आग बेडरूम में कैसे लगी यह पता नहीं चल सका है. कमरे से लगा किचन रूम भी था. जहां सिलेंडर भी रखा था यदि वह फटता तो बड़ा हादसा हो सकता था. मिली जानकारी के अनुसार, उसी घर में किराये पर रहने स्थानांतरित होकर एक पुलिस निरीक्षक शिफ्ट हुए हैं. जिन्होंने घटना की सूचना तत्काल अपने अधिकारियों को दी. जिससे पुलिस और नगरसेना की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाई. वहीं घटना की सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे. वर्तमान समय में कृषि अधिकारी होने साहू धमतरी के पद पर पदस्थ हैं. फिलहाल आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो सका है. जांच के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा.



### चावल, नमक, चना बंद हुआ सांय-सांय : बघेल

## यथावत जारी है पीडीएस से संबंधित सभी लाभ : सीएम



**रायपुर,28 मार्च** ■ **तरुण छत्तीसगढ़**

पीडीएस को लेकर सोशल मीडिया में चल रही जानकारी को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बयान जारी किया है. उन्होंने सोशल मीडिया में एक पोस्ट कर पीडीएस से संबंधित फैलाए जा रहे भ्रम को दूर किया है. दरअसल पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने पीडीएस को लेकर कहा था कि सरकार बदलते ही हमारी सरकार की योजनाओं को बंद कर दिया गया है. जिस पर सीएम साय ने अपने एक्स अकाउंट के जरिए पीडीएस को लेकर जानकारी दी.उन्होंने लिखा कि कुछ लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं कि पीडीएस संबंधित पिछली सरकार की योजनाओं को बंद कर दिया गया है. पहली बात तो यह है कि पिछली सरकार ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओं का ही नाम बदलकर उसे आगे बढ़ाया था. पीडीएस से संबंधित सभी लाभ यथावत जारी है. बता दें कि पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि 'हमारी सरकार में मिलने वाला हर सदस्य का 7 किलो चावल हुआ बंद- साँय साँय नमक हुआ बंद- साँय साँय चना हुआ बंद- साँय साँय मोदी जी की गारंटी इस कदर ÷साँय साँय÷ काम कर रही है कि लोकसभा चुनाव ख़त्म होते ही महतारी वंदन योजना की राशि भी बंद हो जाएगी. बंद न होगी तो कटौती तो शुरु हो ही जाएगी. जनता को वो भरोसे के 5 साल अब याद आ रहे हैं.'

## नक्सलियों ने मोबाइल टॉवर में लगाई आग

■ **तरुण छत्तीसगढ़**

**कोंडागांव,28 मार्च.** जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने उत्पात मचाया है. यहां के एक गांव में लगे मोबाइल टावर को माओवादियों ने आग के हवाले कर दिया है. बुधवार रात करीब 11 बजे 4-5 नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया. इस मोबाइल टॉवर के जलने से आसपास का नेटवर्क शून्य हो गया है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतीष भार्गव ने इसकी पुष्टि की. बस्तर में कुछ ही दिनों में लोकसभा का चुनाव होने वाला है. ऐसे में नक्सलियों की ओर से ग्राम केजंग में लगे जिओ के टावर में आग लगाने से 5 किलोमीटर के दायरे में नेटर्वक नहीं है.



बता दें कि शासन-प्रशासन ने ऐसे कई नक्सल प्रभावित ग्रामों में टॉवर खड़े कर दिए हैं. इससे माओवादियों का नेटवर्क तोड़ने में ये टॉवर एक बड़ी कड़ी के तहत कार्य कर रहे हैं. हर घटना की सूचना इन टॉवरों के होने से पहुंच जाती है. इसका बड़ा कारण है अब हर ग्रामीण के हाथ में मोबाइल आ चुका है और वो इससे गांव में प्रशासन की हर योजना की जानकारी के साथ अब देश-दुनिया से भी जुड़ चुके हैं.

## मथुरा-वृंदावन की गलियां लल्ला का कर रहीं इंतजार : योगी



**मथुरा,28 मार्च.** यूपी में बीजेपी के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए, सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद का जिक्र किया और कहा कि इस साल भगवान राम द्वारा अपने अयोध्या धाम में होली खेलने के बाद, मथुरा और वृंदावन की गलियां भी... उसी का इंतजार है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने बुधवार को पश्चिमी यूपी के तीन निर्वाचन क्षेत्रों में प्रबुद्ध सम्मेलन या बुद्धिजीवियों के साथ बैठकें को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मथुरा में कहा कि होली खेले रघुवीरा अवध में भजन हमने खूब सुना है। लेकिन पहली बार पांच सौ बरस में अयोध्या धाम में मर्यादा पुरूषोत्तम राम ने अपने धाम अयोध्या में विराजमान होकर होली के उत्सव मनाये। और मथुरा, वृन्दावन की पूज्य गलियाँ भी इंतज़ार तो कर ही रही होंगी। बीजेपी ने अपनी मौजूदा सांसद और फिल्म अभिनेता से नेता बनीं हेमा मालिनी को मथुरा लोकसभा सीट से फिर से उम्मीदवार बनाया है। श्री कृष्ण जन्मभूमि पर पूजा करने के बाद मथुरा में एक सभा को संबोधित करने वाले आदित्यनाथ ने हेमा मालिनी की भी प्रशंसा की। भगवाधारी मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में केंद्र द्वारा शुरू किए गए विकास कार्यों का भी जिक्र किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा दी गई गारंटी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कांग्रेस पर भी तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान केवल ''एक परिवार'' के हितों को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा, ''मोदी के लिए राष्ट्र पहले है लेकिन कांग्रेस के लिए परिवार पहले है।''

आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाली धारा 370 को खत्म करने का जिक्र किया और कहा कि राज्य (जम्मू-कश्मीर) में एनडीए शासन के तहत शांति देखी गई है। ''पत्थरबाजी की कोई घटना नहीं हुई है और उग्रवाद भी कम हुआ है...।'' मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मोदी राज में देश के उत्तर पूर्वी राज्यों में शांति लौट आयी है। भाजपा सूत्रों के अनुसार, आदित्यनाथ अगले कुछ दिनों में राज्य के पश्चिमी हिस्सों में कई सार्वजनिक बैठकों को संबोधित करेंगे। पश्चिमी क्षेत्र में आगामी चुनाव के पहले और दूसरे चरण में मतदान होगा।

## 2 लाख रुपये से ज्यादा की महुआ शराब जब्त

**आरंग,28 मार्च.** शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ आरंग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध महुआ शराब जब्त किया है. इसकी कीमत 2 लाख रुपये से भी ज्यादा बताई जा रही है. वहीं अवैध शराब बनाने वाले चार व्यक्ति पुलिस को देखकर घटनास्थल से फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है. मामला आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम चिखली का है. आरंग थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने बताया कि मुखबिर से जानकारी मिलने पर ग्राम चिखली में महानदी के किनारे स्थित हीरानार नाला में पुलिस ने दबिश दी. इस दौरान पुलिस को आते देख अवैध महुआ शराब बना रहे चार व्यक्ति मौके से फरार हो गए. घटनास्थल पर बड़ी मात्रा में कच्चा महुआ, महुआ पास, अवैध शराब बनाने वाली सामग्री और 1356 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है. जब्त किए गए अवैध शराब की कीमत लगभग 2,17,800 रुपये बताई जा रही है. आरंग पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में जुट गई है.



## खराबी ईवीएम में नहीं उनकी पार्टी में है :टंकराम

**रायपुर,28 मार्च.** पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बैलेट पेपर से मतदान करवाने की मांग पर मंत्री टंकराम वर्मा ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि नई-नई टेक्नोलॉजी विकसित हो रही है. जब वे चुनाव जीते थे तब भी ईवीएम था. ईवीएम पर दोष देना उचित नहीं वे अपनी कमियों को समझें. इसके साथ ही



नितीन नबीन को प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेस के बलि का बकरा बनाए जाने के बयान पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि पहले ओम माथुर प्रभारी थे, उनके नेतृत्व में भाजपा को बहुमत मिला. बलि का बकरा बनाने वाली कोई बात ही नहीं है. नितिन नबीन को प्रमोट किया गया है. उनके नेतृत्व में हम 11 की 11 सीटे जीतेंगे.पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग पर मंत्री टंकराम वर्मा ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि नई-नई टेक्नोलॉजी विकसित हो रही है. जमाना कहां से कहां पहुंच गया, देश दुनिया की खबरों को हम मोबाइल पर देख रहे हैं. खराबी ईवीएम में नहीं, उनकी पार्टी में है. 2018 में जब उनकी सरकार बनी तब भी तो ईवीएम ही था. दूसरे राज्यों में जब दूसरी पार्टी की सरकार बनती है तो वहां भी ईवीएम से ही चुनाव होते हैं. ईवीएम पर दोष देना उचित नहीं वे अपनी कमजोरी, अपनी कमियों को समझें.

राशन वितरण और महतारी वंदन को लेकर पूर्व सीएम भूपेश के ट्वीट पर मंत्री टंकराम ने कहा कि वितरण बंद नहीं हुआ, कोरोना काल से खाद्यान्न वितरण का काम चल रहा है. पीएम मोदी द्वारा जो चावल भेजे जाते थे उन्हें बंटवाया नहीं गया. इन्होंने आपस में एडजस्ट कर लिया. महतारी वंदन योजना को लेकर कहा कि उसके लिए बजट में प्रावधान है, महतारी वंदन के पैसों में कमी नहीं आएगी. भाजपा जो कहती है वो करती है.

## 22 भारतीयों ने बचा ली सैकड़ों की जान

**नई दिल्ली,28 मार्च.** अमेरिका के बाल्टीमोर में पुल टूटने के बाद आवाजाही ठप्प होने के साथ ही बंदरगाह भी बंद हो गया है। इस पुल के ढहने बड़ा आर्थिक नुकसान होने का भी अनुमान है। बाल्टीमोर में पुल से टकराने वाले कंटेनर जहाज पर सवार भारतीय चालक दल के सदस्यों में से एक को मामूली चोट आई है, जबकि 21 अन्य सुरक्षित बताए गए हैं। बाल्टीमोर ब्रिज को फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज के नाम से जाना जाता है। इसका नाम 19वीं सदी के अमेरिकी कवि फ्रांसिस स्कॉट के नाम पर रखा गया है। इस पुल को 1977 में आम जनता के लिए खोला गया था। यानी 47 साल से ये पुल इस पूरे इलाके के लिए बेहद खास था। इस पुल का इस्तेमाल हर दिन करीब 30 हजार लोग करते थे। जबकि हर साल करीब 1 करोड़ 13 लाख गाड़ियां गुजरती थी। ग्रेस ओसियन पीटीई लिमिटेड के मालिक और डाली के जहाज प्रबंधक ने एक बयान में कहा कि हम 'डाली' पर सवार सभी चालक दल के सदस्यों और दो पायलटों की सुरक्षा की पुष्टि करते हैं, एक मामूली चोट की सूचना है। घायल चालक दल के सदस्य का इलाज कर दिया गया है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। जहाज प्रबंधन कंपनी सिनर्जी मरीन ग्रुप की वेबसाइट पर पोस्ट किया गया। दुर्घटना के बाद, सिनर्जी ने मंगलवार को एक बयान में कहा था कि डाली के चालक दल में सभी भारतीय थे और कुल 22 लोग थे।



दरअसल, शिप पर 22 भारतीयों के क्रू दल ने इमरजेंसी कॉल कर खतरे की पूरी जानकारी दे दी। इस हादसे से पहले ही फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज पर ट्रैफिक को रोक दिया गया। दो पायलटों सहित चालक दल के सभी सदस्यों का पता लगा लिया गया है और किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। कोई प्रदूषण भी नहीं हुआ है। चालक दल का नाम और अन्य विवरण जारी नहीं किया गया है। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी तट रक्षक और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड जांच करने के लिए जहाज पर चढ़े। मंगलवार तड़के, 984 फुट लंबा कंटेनर जहाज, डाली, बाल्टीमोर में पटप्सको नदी पर बने 2.6 किमी लंबे फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया, जिससे वह ताश के पत्तों की तरह ढह गया।

## मेरे बेटा के लिए डउकी मांगने गया तो मेरे को ही सौंप दिये: कवासी

**जगदलपुर,28 मार्च.** अपने बयानों के लिए हमेशा चर्चा में रहने वाले कवासी लखमा का एक बयान चर्चा का विषय बन गया है. दरअसल बुधवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से जगदलपुर के लालबाग मैदान में नामांकन सभा का आयोजन किया था. इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए कवासी लखमा ने बेहद मजाकिया अंदाज में कहा कि मैं तो मेरे बेटा के लिए बहु तलाशने गया था, लेकिन पार्टी ने मुझे ही दुल्हन सौंप दी. लखमा के इस बयान के बाद सभा में ठहाके लगाने लगे. बता दें कि पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का टिकट काटकर बस्तर लोकसभा से कांग्रेस ने कोंटा विधानसभा से 6 बार के विधायक कवासी लखमा को प्रत्याशी बनाया है. टिकट की रस्साकशी के दौरान कवासी लखमा दिल्ली तक पंहुच गए थे. लखमा चाहते थे कि पार्टी उनके बेटे सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी को टिकट दे. लेकिन पार्टी ने आखिर में कवासी लखमा को ही प्रत्याशी घोषित किया. कवासी लखमा के इस बयान ने कांग्रेस के अंदर टिकट को लेकर हुई रस्साकशी को भी स्पष्ट कर दिया है.



सभा को सम्बोधित करते हुए कवासी लखमा ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को पार्टी का सबसे बड़ा नेता बताया. दीपक बैज का टिकट कटने से उनके समर्थक नाराज बताए जा रहे हैं. हालांकि समर्थकों की नाराजगी छुपी हुई है. कवासी लखमा जानते हैं कि अगर उन्हें बस्तर में जीत हासिल करनी है तो उन्हें दीपक बैज के गुट को भी साधना होगा. कवासी लखमा ने मंच से कहा दीपक बैज पीसीसी अध्यक्ष है इस नाते वे प्रदेश के सबसे बड़े नेता होंगे और उनकी जिम्मेदारी 11 लोकसभा सीट जीतने की होगी.

## नकली दूध और पनीर बनाने की प्रोसेसिंग यूनिट जब्त

**दुर्ग,28 मार्च.** जिले के पाटन ब्लॉक में नकली दूध और पनीर बनाने का प्रोसेसिंग यूनिट जब्त किया है। यहां खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी करके बड़े पैमाने पर नकली दूध, पनीर, दूध पाउडर, यूरिया, कैमिकल और आयल जब्त किया है। खाद्य अधिकारी का कहना है कि सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद भी आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग के फूड सेफ्टी अधिकारी छीर सागर पटेल ने बताया कि उन्हें बुधवार रात सूचना मिली थी कि पाटन के देमार गांव में नकली दूध और पनीर बनाया जा रहा है। उन्होंने पाटन पुलिस की मदद से देर रात छापेमारी की। इसके बाद टीम गुरुवार सुबह 11 बजे तक यहां कार्रवाई करती रही। कार्रवाई के दौरान पाटन के नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि खाद्य विभाग की टीम ने सैंपल ले लिया है। सैंपल फेल हुआ तो यूनिट संचालक के खिलाफ नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## तीसरी बार पिता बने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान

**चंडीगढ़,28 मार्च.** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के घर खुशियाँ आई हैं। उनकी पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर ने बेटी को जन्म दिया है। बीती रात ही सीएम मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर को मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इसकी जानकारी खुद सीएम भगवंत मान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर दी। उन्होंने लिखा है, भगवान ने बेटी का उपहार दिया है। जच्चा-बच्चा स्वस्थ हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान 50 साल की उम्र में तीसरी बार पिता बने हैं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपनी ही पार्टी में घुटन हो रही है : किरणदेव

**रायपुर,28 मार्च** ■ **तरुण छत्तीसगढ़**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव गुरुवार को बस्तर दौरे से वापस रायपुर लौटे. इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए देव ने कहा कल प्रथम चरण का नामांकन हुआ. इस दौरान बस्तर लोकसभा के सभी कार्यकर्ता और संभाग के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे. अच्छा वातावरण है. जानता के बीच जाने का सिलसिला जारी है. बस्तर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भाजपा में प्रवेश करने को लेकर देव ने कहा कि पूरे प्रदेश का यही वातावरण है. कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को अपनी ही पार्टी में घुटन सी हो रही है. कांग्रेस पार्टी में न कोई नियम है न कुछ है. कल करीब 2 हजार की संख्या में लोगों ने भाजपा ने प्रवेश किया है. कांग्रेस के प्रतिशोध वाले बयान पर किरण देव ने पलटवार करते हुए कहा कि प्रतिशोध की राजनीति कैसे की जाती है कांग्रेस ने 5 साल में दिखाया है. बीजेपी का संघठन और सरकार दोनों हमेशा जानता के बीच में रहते हैं. कांग्रेस के पीडीएस वाले बयान पर उन्होंने कहा कि पीडीएस को लेकर कांग्रेस का क्या कमाल है. हमारी सरकार ने यह संचालित किया था. कांग्रेस ने किया ही क्या है. वादे किए हैं जो पूरे नहीं किए. जानता ने 5 साल में नकार दिया.

## संक्षेप

### कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हुई सावित्री जिंदल

**चंडीगढ़,28 मार्च.** हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने कांग्रेस छोड़ दी है। कुछ दिन पहले ही उनके बेटे और उद्योगपति नवीन जिंदल कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुके हैं। सावित्री (84) ने बुधवार देर रात एक सोशल मीडिया पोस्ट में कांग्रेस छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा की। उन्होंने हिंदी में पोस्ट किया, ''मैंने एक विधायक के रूप में 10 वर्ष तक हिसार के लोगों का प्रतिनिधित्व किया और एक मंत्री के रूप में निस्वार्थ भाव से हरियाणा राज्य की सेवा की है। हिसार के लोग मेरा परिवार हैं और अपने परिवार की सलाह पर, मैं आज कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं।'' प्रसिद्ध उद्योगपति और हरियाणा के पूर्व मंत्री ओ पी जिंदल के बेटे नवीन को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कुरूक्षेत्र से भाजपा का उम्मीदवार बनाया गया है।



### दूसरे चरण के लिए नामांकन आज से शुरू

**नई दिल्ली,28 मार्च.** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई है. इसके लिए आज सुबह राष्ट्रपति की ओर से चुनाव आयोग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है. इस चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख 4 अप्रैल है. 5 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी. बता दें कि दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा. इस चरण में उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर समेत 8 सीटों पर मतदान होगा. वहीं बाहरी मणिपुर लोकसभा सीट के एक हिस्से में 13 विधानसभा सीटों पर भी इसी चरण में वोटिंग होगी. दूसरे चरण में असम, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के अलावा बाहरी मणिपुर सीट के एक हिस्सा में चुनाव होना है.

### अब न टोल प्लाजा रहेगा ना फास्टैग

**नई दिल्ली,28मार्च.** बीजेपी नेता और केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने टोल को लेकर एक बड़ी जानकारी साझा की है। सरकार जल्द ही टोल व्यवस्था को खत्म करने की योजना बना रही है। गडकरी ने कहा है कि इसकी जगह नया सिस्टम आएगा। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट (एक्स) प्लेटफॉर्म पर इस बात की जानकारी दी है। टोल कलेक्शन का यह नया सिस्टम लगेगा या सिस्टम सैटेलाइट आधारित होगा। यह सिस्टम जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। हालांकि इस संबंध में अभी कोई डेडलाइन सामने नहीं आई है। इस यात्रा के तहत उपयोगकर्ता हाईवे पर जितने किलोमीटर की दूरी तय करेंगे, उसके हिसाब से उनके बैंक खाते से पैसे अपने आप कट जाएंगे। इससे यूजर्स को बचत करने का भी मौका मिलेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का लक्ष्य मार्च 2024 तक नई प्रणाली लागू करना है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दिसंबर की शुरुआत में कहा था कि इसकी मदद से टोल प्लाजा पर लगने वाला समय कम हो जाएगा।

### सांसद ए. गणेशमूर्ति का निधन

**इरोड,28 मार्च.** लोकसभा चुनाव 2024 की सरगर्मियों के बीच तमिलनाडु से दुखद खबर सामने आई है। दरअसल इरोड लोकसभा सांसद के ए. गणेशमूर्ति का गुरुवार सुबह निधन हो गया। बताया जा रहा है कि हार्ट अटैक के चलते उनका निधन हुआ है। ए. गणेशमूर्ति ने सुबह करीब 5.05 बजे एक प्राइवेट अस्पताल में अंतिम सांस ली। बता दें कि ए. गणेशमूर्ति ने टिकट नहीं मिलने से जहर खाकर खुदकुशी करने की कोशिश की थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

एक नजर

## प्री इलेक्शन सीजर अभियान, आरपीएफ ने जब्त किया 6 लाख का गांजा




**दुर्ग, 28 मार्च।** लोकसभा चुनाव आचार संहिता के तहत आर.पी.एफ. पोस्ट दुर्ग व टास्क टीम के द्वारा 18 पैकेट मादक पदार्थ गांजा कीमत लगभग 6,00,000/- रुपया लावारिश अवस्था में जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत् कार्यवाही कर जीआरपी दुर्ग को सुपुर्द किया गया। 27 मार्च को लोकसभा चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर चलाये जा रहे प्री इलेक्शन सीजर अभियान के तहत मुखबीर की सूचना के आधार पर रेसुब पोस्ट दुर्ग प्रभारी एस. के. सिन्हा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सनातन थानापति, स.उ.नि. आर.के. मिश्रा, प्र.आ. एन.के. राजपूत, आरक्षक एस. आर. मीणा, प्र.आ. व्ही. सी. बंजारे , आरक्षक गिरिराज मीणा की टीम द्वारा गाड़ी संख्या 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस के सामान्य कोच में दो राजश्री पान मसाला थैला में मादक पदार्थ गांजा होने की सूचना पर अटेंड किए जहां 02 उक्त थैला लावारिस हालत में मिला आसपास के यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी भी यात्री का नहीं होना पाया जिसे रेलवे स्टेशन दुर्ग के प्लेटफार्म नंबर 02 नागपुर छोर से उतारकर दोनों थैला के अंदर रखे कुल 18 पैकेट मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 30 किलोग्राम जिसका अनुमानित कीमत 6,00,000/- रू (छः लाख रू.) है मिला जिसे एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत् जप्ती की कार्यवाही कर संपूर्ण कागजात के साथ जीआरपी चौकी दुर्ग को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। जीआरपी चौकी दुर्ग द्वारा अज्ञात के विरूद्ध अपराध क्रमांक 00/24 दिनांक 27.03.24 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खड़ी कार में मिला युवक का शव

**भिलाई, 28 मार्च।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र यूज कार के यार्ड में खड़ी कार से तीन-चार दिन पुराना शव मिला है मृतक की पहचान नसीम पिता नशीर बेग (35 वर्ष) के रूप में की गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि जीई रोड पर कार शोरूम के बाजू में पुरानी कार खरीदी-बिक्री का यार्ड बना हुआ है। उसमें खड़ी कार (सीजी-04 सीआई- 0360) की पीछे की सीट पर शव मिला है उसमें से दुर्गंध आने लगी थी इससे परेशान होकर आसपास के लोगों ने अंदर जाकर देखा तो कार में शव पड़ा हुआ था छावनी थाना पुलिस को कार के पास से शराब की बोतल मिली है संभावना जताई जा रही है कि अत्यधिक शराब का सेवन करने से युवक की मौत हो गई होगी।

## युवक ने घर में खुदकुशी की

**भिलाई, 28 मार्च।** भिलाई अंजोरा चौकी क्षेत्र एक युवक ने बीती रात अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी सुबह जब परिवार वाले सो कर उठे तो उसे एक कमरे में फांसी पर लटका देखा इसके बाद तुरंत घरवालों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भिजवाया पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है । अंजोरा चौकी पुलिस ने बताया कि ढोला पार अंजोरा निवासी पोषण साहू (35 वर्ष) पिता स्वर्गीय बुधारू साहू ने रात में फांसी लगाकर जान दे दी है वह शादीशुदा और दो बच्चों का पिता था फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कलेक्टर और एसपी ने किया केंद्रीय जेल का निरीक्षण

**भिलाई, 28 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को जिला केंद्रीय जेल दुर्ग का तड़के सुबह निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों के दल द्वारा जेल के सभी बैरक की जांच पड़ताल की गई। तलाशी के दौरान प्रतिबंधित सामग्री मोबाइल, सिम, उस्तरा, ब्लेड, चाकू, जैसे हस्तनिर्मित औजार, इस्तेमाल किया हुआ चिलम, बीड़ी, सिगरेट, अनावश्यक खाने की वस्तु आदि बरामद किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री चौधरी और पुलिस अधीक्षक शुक्ला द्वारा जेल अधीक्षक सहित जेल के अधिकारियों व कर्मचारियों को हमेशा सजग होकर ड्यूटी करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी गई। जेल निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, एसडीएम मुकेश रावटे, सीएसपी चिराग जैन, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, गुरुदत्त पंचभाये, डीएसपी, थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवान मौजूद थे।

## महासमुंद जिले में दीवारों पर लिखे जा रहे हैं मतदाता जागरूकता स्लोगन

महासमुंद 28 मार्च । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल स्वीप अभियान श्री एस. आलोक के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी के तहत नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन जन जन की पुकार है, वोट देना अधिकार है मत देना अपना अधिकार, बदले में न लें उपहार लिखकर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की जा रही है तथा मतदाताओं से आग्रह किया जा रहा है कि वे आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान करें।

# रोजा-इफ्तार में मांगी खुशहाली की दुआएं, जायरीनों का किया इस्तकबाल



**भिलाई, 28 मार्च ।** अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी भिलाई की ओर से माहे रमजान में रोजा-इफ्तार और हज-उमराह के मुबारक सफर पर रवाना होने वाले जायरीनों का इस्तकबाल सेक्टर-6 जामा मस्जिद के कम्युनिटी हॉल में रखा गया। जिसमें 200 से ज्यादा लोगों ने शिरकत की और मुल्क में अमन व खुशहाली के लिए सभी ने मिल कर दुआएं की। समिति की प्रेसिडेंट अंजुम अली ने बताया कि सभी ने मिलकर रोजा अफ्तारी की और नमाज पढ़ी। इसके बाद इस्तकबाल किया गया। जिसमें उमराह के सफर पर जाने वाले आयशा आलम और आलिमा गुल निशा के साथ हज के लिए जा रहे हाजरा, सलमा फारूकी, मोहम्मद शब्बीर अंसारी, जहूरन, उमर खान, नफीसा, रिजवान, शाहिद, रहमत खान, अशफाक, नसरुल्लाह, शेख नवाब और रूखसाना शेख का गुलपोशी के साथ इस्तकबाल किया गया। सभी जायरीनों ने इस इस्तकबाल के लिए कमेटी का शुक्रिया अदा किया और उनके हज-उमराह को मुकम्मल करने की दुआओं की अपील की। समिति के इस प्रोग्राम में कौसर खान, शबाना सिद्दीकी, नरगिस, डॉक्टर अमरीन लीना तजमीन, सैयद जमशेद अली, अनवर अली, आरिफ खान, शकील, रुखसाना सिद्दीकी, तौफीक, शोएब खान, शाहीन, फरीदा, जुल्फी, नाहिदा, दिलशाद, शम्सुन, एसएन शेख और आयशा आलम सहित तमाम लोगों ने अपनी भागीदारी दी। प्रेसीडेंट अंजुम अली ने बताया कि माहे-रमजान में कमेटी की ओर से गरीबों को राशन भी तकसीम किया जा रहा है। जिसमें अब तक 100 से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को राशन किट तक्सीम की गई है। भविष्य में कमेटी की तैयारी ईद के मौके पर विशाल निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाने की भी है।

# सिसोदिया को सुरक्षा के लिए मिला सशस्त्र सुरक्षा प्रहरी

**भिलाई, 28 मार्च ।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अरूण सिंह सिसोदिया को जानमाल के खतरा को देखते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने सशस्त्र सुरक्षा प्रहरीउपलब्ध कराया है।

ज्ञातव्य हो कि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अरूण सिंह सिसोदिया ने प्रदेश कांग्रेस पार्टी के कोष से 5 करोड 89 लाख रूपये के लेनदेन के मामले को उजागर किया जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कोषाध्यक्ष राम गोपाल अग्रवाल, उनके निजी सलाहकार विनोद वर्मा का पूर्ण दस्तावेज के साथ शिकायत किया गया है और निरंतर उनके कृतियों का विरोध किया जा रहा है जिसके कारण अरूण सिसोदिय ने अपने व अपने परिवार पर प्राण घातक हमला होने व जान माल का खतरा होने की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस प्रशासन से 24 घंटा सशस्त्र सुरक्षा प्रहरी उलब्ध कराने की मांग की थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी जितेन्द्र



शुक्ला ने कांग्रेस नेता अरूण सिसोदिया को सशस्त्र सुरक्षा प्रहरी प्रदान कर दिया गया है। अरूण सिंह सिसोदिया ने इसके लिए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के प्रति आभार व्यक्त किया

# आचार संहिता उल्लंघन पर भाजपा उपाध्यक्ष ने की कार्रवाई की मांग

**भिलाई, 28 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष आचार संहिता उल्लंघन को लेकर राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ शिकायत की गई है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने लिखित शिकायत में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिला अंतर्गत पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक भूपेश बघेल जो राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित है, उन्होंने दिनांक 26 मार्च 2024 मंगलवार को पाटन विधानसभा के आमालोरी गांव में आयोजित कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में भारत निर्वाचन आयोग के खिलाफ भड़काऊ बयान जारी करते हुए इस आशय का सार्वजनिक बयान दिया है कि अगर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में 375 से अधिक कैंडिडेट होंगे तो निर्वाचन आयोग को राजनांदगांव में बैलेट पेपर से मतदान करवाना होगा, इसलिए पाटन क्षेत्र के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में जाकर नामांकन दाखिल करें। राजेंद्र कुमार ने अपनी शिकायत में आगे कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री और पाटन विधायक भूपेश बघेल ने उक्त बयान के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया है, साथ ही चुनाव प्रक्रिया को अनुचित रूप से प्रभावित करने का प्रयास करते हुए पाटन क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं को राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में जाकर नामांकन दाखिल करने के लिए अनुचित रूप से उकसाने का कार्य किया हैं। भूपेश बघेल ने ईवीएम के विरुद्ध जनता को भड़काने का कृत्य करते हुए 375 से अधिक लोगों को नामांकन करने के लिए बयान देकर निर्वाचन आयोग की स्वच्छ और स्वस्थ चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के लिए दुष्प्रेरित करने का कार्य किया है। भूपेश बघेल का उक्त कृत्य चुनाव आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। भूपेश बघेल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया है उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाए और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से बाहर भूपेश बघेल के चुनाव प्रचार करने पर प्रतिबंध लगाया जाय। जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ने उक्त शिकायत की प्रतिलिपि राज्य निर्वाचन पदाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी को भी सौंपी है।

# बीएसपी ने स्वच्छता पखवाड़ा मनाया

**भिलाई, 28 मार्च ।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा नगर सेवाएं एवं जन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आम जनता को सफाई के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 16 से 30 मार्च तक स्वच्छता पखवाडा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत इस पखवाड़े में भिलाई टाउनशिप के अलग अलग क्षेत्रो में विशेष सफाई एवं जागरूकता अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है और प्रतिदिन निर्धारित स्थान की विशेष सफाई की जा रही है। स्वच्छता पखवाडा अभियान के तहत इसकी शुरुवात 16 मार्च को स्वावलंबन एवं स्वच्छता के प्रणेता महात्मा गाँधी की प्रतिमा के पास महात्मा गाँधी कलामंदिर, सिविक सेंटर परिसर से किया गया। इसके अतर्गत पूर्व निर्धारित क्षेत्रो के अग्रलिखित स्थान सम्मिलित हैं। 18 मार्च को जनभागीदारी से ए मार्केट सेक्टर 6 में,19 मार्च 2024 को जनभागीदारी से ए मार्केट सेक्टर 10 में सफाई, 20 मार्च को सेक्टर 1 नेहरू हाउस ऑफ कल्चर के पास



सफाई, 21 मार्च 2024 को ए मार्केट सेक्टर 4 में सार्वजनिक भागीदारी के साथ सफाई, 22 मार्च को जनभागीदारी से छत्तीसगढ़ सब्जी मंडी रुआबांधा में सफाई, 23 मार्च को जनभागीदारी से सिविक सेंटर में सफाई की गई। 26 मार्च को ओल्ड सिविक सेंटर कलामंदिर के सामने मैदान की सफाई की गई। साथ ही 26 मार्च को सेक्टर 5 तथा 27 मार्च को रुआबांधा सेक्टर में गिला कचरा और सूखा कचरा के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की जा चुकी है। 28 मार्च को साप्ताहिक बाजार सेक्टर 7 में एकल उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम, 29 मार्च 2024 को एसएलआरएम में सार्वजनिक भागीदारी के साथ सफाई गतिविधि एवं 30 मार्च को साप्ताहिक बाजार रुआबांधा में एकल उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत परिसर की सफाई के साथ साथ आसपास के सार्वजनिक स्थल जैसे वेल्डेस्क परिसर एवं सिविक सेंटर में भी विशेष सफाई अभियान चलाया गया। भिलाई इस्पात संयंत्र, नगर सेवाएं एवं जन स्वास्थ्य विभाग भिलाईवासियों से अपील करती है कि इस स्वच्छता पखवाडा अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें और शहर को स्वच्छ रखें। साथ ही जितना हो सके उतना कचरा इधर उधर फेंकने या बिखेरने से बचे और सफाई कर्मियों के काम में अपना योगदान दें।

# धनोरा में परंपरानुसार जली नारियल,कपड़ा से होली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 28 मार्च।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में बड़े ही धूमधाम से शांति पुरवक होली मनाया गया दरबार के सभी भक्तों ने इकठ्ठा होकर बोरसी दुर्ग रोड पर नाला के पास स्थापित बघुवा के मुरती मे पान फुल लाल रंग की चुनरी चढ़ हाकर सभी भक्तों एवं ग्रामीणजन की खुशहाली के लिए बघुवा महाराज से प्रार्थना किया गया बघुवा के पेट भीतरी से पार होने से सारे संकट दुर होते हैं एवं मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं नाला के पास से फिर वापस आकर के दरबार एवं होली का के पुजा पाठ कर के दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा नंद पंडा राजू यादव विनोद साहू गुलाब साहू मनोज पटेल गज्जू रायपुरिया के द्वारा विधी विधान के साथ पुजा पाठ कर के फिर चकमक के चिंगारी से होली जलाया गया फिर हर भकतो के शरिर से नारियल नींबू पुराना कपड़ा भेलवा उतार कर होली में डाला गया दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी बताते है कि इस तरह से नारियल नींबू शरिर से उतार कर होली में जलाने से सारे परेशानी दूर होते हैं एवं मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं इस होली मे बुढ़े जवान एवं छोटे छोटे बच्चे बढ़ी ही संख्या में उपस्थित रहे हर साल होली में हर ज़िले से लोग आते हैं बड़ी ही संख्या में फिर श्री राधा कृष्ण फाग एवं सेवा भंजन मंडली के गुलाब साहू जी के द्वारा फाग गीत गाया गया जिसमें सभी भक्तों ने नाचने लगे एवं बड़े ही रंग गुलाल उड़ाया गया इस तरह के होली सिर्फ छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले के गांव धनोरा में ही जलाया जाता है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी नंद पण्डा गुलाब साहू मनोज पटेल योगेश साहू विनोद साहू मनसुखा साहू गज्जू रायपुरिया बबलू साहू चीन्टू साहू भोलू साहू वासुदेव सपरे उपसरपंच सुंदर स्प्रे कल्याण देवांगन कुंज लाल साहू ओमकार साहू रुपलाल टेलर मारियल साहू दिनेश साहू उमेश साहू जीवराखन ठेकेदार एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे यह जानकारी दरबार प्रति निधि चंद्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी ।

# गर्मी में सुनिश्चित हो पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था:आयुक्त



**भिलाई, 28 मार्च ।** वित्तीय वर्ष समाप्ति के इन चार दिनों में 31 मार्च तक निगम क्षेत्र के भवन मालिकों के बड़े करदाता जिनका संपत्तिकर की राशि लम्बे समय से बकाया है, उस राशि की वसूली के लिए जोन आयुक्त अपने राजस्व अमले के साथ बकायादारों से सम्पर्क कर वसूली करें। ग्रीष्मऋतु में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रहे नागरिकों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केंद्रों में आवश्यक संधारण कार्य कर बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, सिढ़ी की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें, ताकि नागरिक सुविधाजनक ढंग से अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अधिकारियों से कहा कि निगम के टैक्स की वसूली के लिए एजेंसी नियुक्त किये गये हैं, इसके अतिरिक्त निगम के करों की ऐसी राशि जो लम्बे समय से वसूली नहीं किये जा सके हैं उनकी सूची सभी जोन को दिया गया है। जोन आयुक्त अपने राजस्व अमले के साथ वित्तीय वर्ष समाप्ति 31 मार्च के पूर्व बड़े बकायादारों से सम्पर्क कर राशि की वसूली करें तथा टैक्स नहीं पटाने वालों के विरूद्ध कुर्की वारंट जारी किये जाने हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करें। राजस्व करों की वसूली शत् प्रतिशत हो। बैठक में जलकार्य विभाग के अधिकारी ने जानाकरी देते हुए बताया कि निगम क्षेत्र के हर घर को पानी मिले इसके लिए बिछाए गये पाईप लाईन में हुए लिकेज का संधारण किया गया है। मोहल्ले में लगे पावर पम्प तथा हैण्ड पम्प की खराबी की जाँच कर दुरूस्त करवाया जा चुका है। आवश्यकतानुसार मांग के आधार पर टैंकर के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था भी निगम द्वारा सुनिश्चित किया गया। लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पानी पीने को मिले इसके लिए सभी जोन के अलग-अलग 25 स्थान से पानी के नमुने लेकर फिल्टर प्लांट के लेब में जांच के लिए भेजा जा रहा है किसी भी क्षेत्र के जल दुषित होने पर त्वरित रूप से स्त्रोंत का उपचार किया जाता है ताकि क्षेत्र में जनजनित बिमारियों को प्रकोप न फैले साथ ही जल शुद्विकरण हेतु नागरिको में क्लोरिन टेबलेट का वितरण भी किया जा रहा है। निगम के मुख्य कार्यालय में हेल्प डेस्क भी बनया गया है जिसका दुरभाष क्रं. 0788-2294303 पर नागरिक पानी संबंधित कोई भी शिकायत दर्ज करवा सकता है। आयुक्त ने बरसात में निचली बस्तीयों में जल भराव न हो इसके लिए नाली के उपर हुए अतिक्रमन को हटाने के पूर्व चिन्हित नालियो की सूची बनाने के निर्देश दिये है। जी.ई.रोड सहित शहर के मुख्य मार्गो तथा अन्डरब्रिज का सौदर्यीकरण किये जाने के संबंध में अधीक्षण अभियंता से विस्तृत जानकारी प्राप्त किये। मार्ग प्रकाश, उद्यानो की सफाई, स्कूल जतन योजना, निदान पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो का निराकरण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, संपत्ति विरूपण की जानकारी आदि विषयो पर विस्तृत समीक्षा किये। बैठक में अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता सभी विभाग प्रमुख उपस्थिति थे।

## सेक्टर अधिकारी बदले गए

दुर्ग, 28 मार्च कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के सुचारू संचालन हेतु पूर्व में जारी सेक्टर अधिकारी नियुक्ति आदेश में आंशिक संशोधन किया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन अंतर्गत सेक्टर अधिकारी श्री हरीश सक्सेना सीजीएम जिला उद्योग केन्द्र दुर्ग के स्थान पर श्री सिमोन एक्का मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दुर्ग को नियुक्त किया गया है। आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

# टोलागांव स्कूल में किसान युवा मंडल ने कराया न्योता भोज



**अंबागढ़ चौकी।** शासकीय प्राथमिक शाला टोलागांव में किसान युवा मंडल एवं समस्त ग्रामवासी टोलागांव द्वारा न्योता-भोज प्रधान पाठक भजन लाल साहू के मार्गदर्शन से प्रत्येक सप्ताह विकास खंड अंबागढ़ चौकी,जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी में आयोजन किया जा रहा है। टोलागांव स्कूल के प्रधान पाठक श्री भजन लाल साहू ने बताया कि ग्राम के नागरिक न्योता भोज में सहयोग के लिए बड़े सम्मान साथ आगे आकर सहयोग कर रहे है।जिसमें बच्चों को खीर पुड़ी मीठा केला अंगूर पौष्टिक भोजन प्रदान किए। केन्द्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत राज्य के सभी स्कूल अवधि में बच्चों को गर्म पका भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य में 'न्यौता भोजन' के नाम से लागू किया गया है। न्यौता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्यौहारों, अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह एवं राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है।

# बैठक में आईजी ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के दिए निर्देश



**भिलाई, 28 मार्च।** भिलाई पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेंज स्तरीय मीटिंग ली। मीटिंग मे लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य सम्पन्न करने के लिए अपनी जवाबदारी एवं भूमिका का कुशल निर्वहन करने एवम आदर्श अचार सहिता का पालन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।इस बैठक में कहा कि अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी बदमाशों की नियमित चेकिंग करने, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई तथा शराब तस्करों पर पैनी निगाह रख कार्रवाई करने, वारंट अभियान में और भी तेजी लाने, पुरानी शिकायतों का तत्काल निराकरण करने एवं उच्चतम एवं उच्च न्यायालय के लंबित याचिकाओं एवं निर्देशों का समय पर पालन करने, शिकायतों एवं लंबित मामले की थानावार समीक्षा कर त्वरित निराकरण के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारियों को निर्देशित कर, अन्य महत्वपूर्ण बातों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज ने कहा कि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार संपर्क व तालमेल बनाए रखें। सभी अधिकारी आपस में सूचनाओं का लगातार आदान-प्रदान करते रहें। किसी भी तरह के अपराध की सूचना पर तत्परता से कार्रवाई करें। आपराधिक मामलों के वांछित दोषियों की धरपकड़ के लिए गंभीरता से हर संभव कार्रवाई अमल में लाई जाए गर्ग ने अपराध विवेचना में दक्षता लाने तथा त्रिनयन एप का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने के सभी को निर्देश दिए। शांति एवं कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए परिस्थितियों के मुताबिक सुरक्षा के हर संभव कदम उठाए जाएं रेंज से पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेंद्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक बालोद एस आर भगत, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा राम कृष्ण साहू सहित जिलों के राजपत्रित अधिकारी ,थाना एवं चौकी प्रभारी आनलाइन वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में शामिल हुए थे।

# लखमा ने भूपेश के साथ तो महेश ने विष्णु के साथ भरा नामांकन

## लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 28 मार्च।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 10 से नामांकन भरे जाने का आज अंतिम दिन था । जिसमें आज दो प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया । लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) से नाम निर्देशन पत्र दाखिला के अंतिम तिथि 27 मार्च 2024 तक कुल 12 अभ्यर्थियों ने 18 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया है। अब नामांकन पत्रों की संवीक्षा कल 28 मार्च 2024 को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापसी की तिथि 30 मार्च 2024 तक निर्धारित है।

### ये रहे बस्तर लोकसभा के कुल प्रत्याशी

1-कवासी लखमा (इंडियन नेशनल कांग्रेस)
2- श्री महेशराम कश्यप (बीजेपी)
3- नरेंद्र बुरका (हमरराज पार्टी)
4-कवलसिंह बघेल (राष्ट्रीय जनसभा पार्टी)
5-आयतूराम मंडावी (बहुजन समाज पार्टी)
6- फूलसिंग कचलाम (सीपीआई)
7-शिवराम नाग (सर्व आदि दल)
8-सुंदर बघेल (निर्दलीय)
9-टीकम नागवंशी (गोड़वाना गणतंत्र पार्टी)
10-जगदीश प्रसाद नाग (आजाद जनता पार्टी)
11-प्रकाश कुमार गोटा (स्वंतत्र दल)
12-राजा राम नाग (भारतीय साक्षर पार्टी)

ज्ञातव्य है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान होगा । प्रदेश कांग्रेस में पीसीसी चीफ एवमं पूर्व सांसद दीपक बैज का टिकट कटने के बाद बस्तर से लोकसभा प्रत्याशी के रूप में पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने आज नाम निर्देशन के अंतिम दिन अपना शक्ति प्रदर्शन व आम सभा कर पूर्व सीएम भूपेश बघेल व पूर्व सांसद दीपक बैज तथा सप्तगिरी उल्का के साथ अपना नामांकन दाखिल किया । भाजपा प्रत्याशी महेश राम कश्यप ने आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगदलपुर विधायक किरण देव तथा सीएम विष्णुदेव साय व मंत्री केदार कश्यप एवं प्रभारी के साथ अपना नामांकन भरा । नामांकन रैली एवमं आम सभा आज भाजपा के लिए ऐतिहासिक रहा । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व मुख्यमंत्री के समक्ष जगदलपुर महापौर सफिरा साहू ने वरिष्ठ कांग्रेस पार्षदों के साथ कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देते हुए भाजपा में मुख्यमंत्री के समझ भाजपा प्रवेश किया ।

## एक नजर

### सामान्य प्रेक्षक से कर सकते है चुनाव से संबंधित शिकायत,दे सकते हैं सुझाव

**जगदलपुर 28 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न कराने संसदीय क्षेत्र 10 बस्तर हेतु प्रेक्षक (सामान्य) डॉ. जे. गणेशन (आईएएस) की नियुक्ति की गई। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रेक्षक श्री गणेशन का संपर्क मोबाईल नम्बर 7647042507 आमजनों के लिए जारी किया गया है। इसके अलावा प्रेक्षक महोदय से प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक चुनाव से संबंधित शिकायत एवं सुझाव हेतु जगदलपुर के सर्किट हाउस में स्थापित अस्थाई कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में प्रवेश के लिए 21 अप्रैल तक आवेदन

**जगदलपुर 28 मार्च।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल आवासीय विद्यालय में शिक्षा सत्र 2024-25 के तहत कक्षा 06 वीं में प्रवेश हेतु 21 अप्रैल 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। संस्था के अंतर्गत कक्षा 06वीं में अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु 28, अनुसूचित जाति के लिए 05, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 01 और सामान्य वर्ग के लिए 01 कुल 35 सीट निर्धारित है। उक्त सीटों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 23 अप्रैल 2024 मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक आयोजित की जाएगी जिसमें सम्बन्धित अभ्यर्थी छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है। इस चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए वर्तमान शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा 05 वीं में अध्ययनरत छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी छात्राओं को बस्तर संभाग का निवासी होना अनिवार्य है, इस हेतु जाति एवं निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा उपरान्त मेरिट के आधार पर प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में संस्था में प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक उपस्थित होकर प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है।

### व्यय प्रेक्षक ने अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित चेक पोस्ट का लिया जायजा

**जगदलपुर 28 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री आशुतोष प्रधान ने इंटरस्टेट सीमा में स्थित चेक पोस्ट का बुधवार को आकस्मिक निरीक्षण किया और स्थैतिक निगरानी दलों को वाहनों का सघन जांच किये जाने कहा। उन्होंने इस दौरान ओड़ीसा राज्य से लगी हुई अंतर्राज्यीय सीमा के धनपूंजी, भेजापदर एवं तारापुर चेक पोस्ट का जायजा लिया तथा स्थैतिक निगरानी दलों को सीमा से नकदी, आभूषण एवं शराब के परिवहन पर कड़ाई से जांच करने के निर्देश दिए।

# पीएम मोदी ने आम लोगों के रोटी,कपड़ा और मकान की चिंता की:संतोष पांडे

**राजनांदगांव, 28 मार्च।** भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे संसदीय क्षेत्र के धुआंधार जनसंपर्क अभियान में निकल चुके हैं, उनके प्रवास योजना का आलम यह है कि सुबह यदि वह कबीरधाम जिले के सुदूर जंगल में होते हैं तो शाम को दूसरे छोर पर जनसंपर्क करते या सभा लेते दिखाई पड़ रहे हैं, इस बीच में पांडे जी भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक एवं विधानसभा स्तरीय सम्मेलनों में भी समय निकालकर पहुंच रहे हैं, कल सुबह से देर रात तक चलने वाले उनके दौरों से उनकी उम्मीदवारी को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल बन गया है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पिछले दिनों डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के तुमड़ीबोड,कोपेडीह, पटपर, मेढा,लालबहादुर नगर, कुमडटोला, बोइरडीह एवं भोलापुर में आयोजित फाग प्रतियोगिता सहित सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करते हुए सांसद संतोष पांडे ने कहा कि भारतीय राजनीति में नरेंद्र मोदी के उदय से देश की दिशा व दिशा बदल कर रख दी है, किसी समय यह नारा लगता था कि मजबूरी के तीन निशान- रोटी, कपड़ा और मकान, किंतु अब पिछले एक दशक से मोदी जी के शासन में इन नारों को



जुठला दिया गया है, आज गर्व का विषय है की देश के 80 करोड़ आबादी को जहां मोदी सरकार ने मुक्त में जीविकोपयोगी राशन देकर रोटी की समस्या को समाप्त कर दिया है, इतना ही नहीं बल्कि आने वाले 5 वर्षो तक मुक्त राशन देने की घोषणा भी की है, साथ ही गरीबों को देशभर में पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं।जिसके कारण आश्चर्यजनक रूप से यहां देशभर में करोड़ों लोग गरीबों की रेखा से ऊपर उठ चुके हैं, यही नहीं मध्यम एवं गरीब वर्ग को ही नहीं बल्कि देश के सभी नागरिकों को आयुष्मान योजना की परिधि में लाकर 50,000 से 5 लाख रुपए के लिए इलाज की निशुल्क सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। भारत की आयुष्मान योजना संसार की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना बनकर उभर चुकी है ।

पूरी दुनिया भारत के चमत्कारिक प्रगति देखकर हतप्रभ है । उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास ÷अलादीन का ऐसा कौन सा चिराग÷ है जिसके दम पर वह विश्व की सारी महाशक्तियों को चुनौती देकर दुनिया के सिरमौर बनने के करीब हैं, इसका प्रति उत्तर देते हुए सांसद संतोष पांडे ने कहा कि देश की इस मजबूत स्थिति का कारण मोदी जी की ईमानदारी और ईमानदार व्यक्तित्व की वजह से यह संभव हो पा रहा है,आज देश के भ्रष्टाचारी जेल के पीछे बंद किया जा रहे हैं, छापो में करोड़ों अरबो रुपए का काला धन निकल रहा है, देश के विकास की योजनाओं का हाल यह है कि सभी योजनाओ का शिलान्यास मोदी जी ने किया था, उनके कार्यकाल में योजनाएं बनकर तैयार हो रही हैं, जबकि पूर्व में योजनाओं का सिर्फ शिल्यान्यास ही होता था। एक-एक योजना को पूरा करने में दो-दो, तीन-तीन और चार-चार दशक लग जाते थे।

## समाचार संक्षेप

### एनएमडीसी बचेली ने जीता सीआईआई राष्ट्रीय एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार



**बचेली 28 मार्च।** बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स ने मुंबई में आयोजित 14वें सीआईआई राष्ट्रीय एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार 2023-24 में स्ट्रॉन्ग कमिटमेंट टू एच आर एक्सिलेंस÷ पुरस्कार प्राप्त किया। बीआईओएम, बचेली कॉम्प्लेक्स की ओर से यह पुरस्कार बचेली परियोजना के अधिशासी निदेशक श्री बी वेंकटेश्वरलु एवं श्री धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) ने ग्रहण किया। इस उपलब्धि ने मानव संसाधन उत्कृष्टता के प्रति एनएमडीसी बचेली की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है।

### आबकारी विभाग के कई अधिकारी, नेता भी ईडी से बचने सोच रहे हैं उपाय

**सुकमा 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कवासी लखमा पूर्व आबकारी मंत्री की गिरफ्तारी हो सकती है, इडी बस्तर पहुंच सकतीं हैं, राजनीतिक गलियारों में खलबली दिल्ली के मुख्यमंत्री के गिरफ्तारी के बाद छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री सहित कई नेता अफसर ईडी के निशाने पर है। विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई शराब घोटाला मामला अब तुल पकड़ने लगे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी केअनुसार ईडी के पांच सदस्यीय दल दिल्ली से बस्तर के लिये रवाना हो चुकी है। शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्रीसहित कई नेता एवं अफसरों की कभी भी हो सकती गिरफ्तारी । पूर्व आबकारी मंत्री पर ईडी नकेल कसने में कामयाब हुई तो बस्तर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा को वॉक ओवर मिलना तय माना जा रहा है।छत्तीसगढ़ में हुई शराब घोटाले मामले में ईडी ने पूर्व में ही आबकारी मंत्री सहित कई अधिकारी एवं नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा चुकी है। खबर है कि ईडी पूर्व आबकारी मंत्री को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था, लेकिन जवाब नहीं दिये जाने के कारण ईडी अपनी आगे की कार्रवाई भी शुरू कर चुकी है।विशेष सूत्रों से जानकारी मिली है कि ईडी के पांच सदस्यीय टीम बस्तर के लिये रवाना हो चुकी है। जिसमें एक टीम रायपुर होते हुये बस्तर पहुंचेगी तो अन्य टीम आंध्रप्रदेश एवं महाराष्ट्र होते हुये बस्तर में दस्तक दे सकते हैं।

### वृद्ध मतदाताओ का स्वागत कर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**सुकमा, 28 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री लक्ष्मण तिवारी के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विविभन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को



अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को कोण्टा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिसमा, पूनपल्ली सहित अन्य दूरस्थ ग्रामों में वृद्ध मतदाताओ का पुष्पमाला और तिलक लगाकर स्वागत किया। साथ ही उन्हें लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

### भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप पहुँचे भगवान के दरबार मे ,पूजा अर्चना कर जीत की दुआ मांगी

**जगदलपुर 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार की शाम लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गयी है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने महेश कश्यप को अपना उम्मीदवार बनाया है। जिम्मेदारी मिलते ही लगातार महेश कश्यप धुआंदार जनसम्पर्क में जुटते नजर आ रहे है, शनिवार को उन्होंने जगदलपुर स्थित माँ दन्तेश्वरी मन्दिर पहुँचकर माता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया है,वही रात को भाजपा कार्यालय पहुँचकर भाजपा नेताओं से मुलाकात कर इस जिम्मेदारी हेतु सभी का आभार व्यक्त किया है। रविवार की सुबह अपने समर्थकों के साथ दंतेवाड़ा स्थित माँ दन्तेश्वरी मन्दिर पहुँचकर माँ दन्तेश्वरी की पूजा अर्चना भी की है। ततपश्चात वे दंतेवाड़ा से कोंडागांव के लिये रवाना हुए, कोंडागांव जिले के कावडा क्षेत्र में आयोजित पांच दिवसीय राम कथा में शामिल हुए। सोमवार को रामपाल स्थित बाबा लिंगेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर दिन की शुरुआत प्रत्याशी महेश कश्यप के द्वारा की गई है।

जगदलपुर स्थित माँ दन्तेश्वरी मन्दिर पहुँचकर माँ दन्तेश्वरी का आशीर्वाद भी लिया है। आज पूरे दिन बस्तर जिले के भाजपा नेताओं से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन लिया जायेगा। इस दौरान उनके साथ हरि साहू, गणेश काले,भरत नंदनवार,मुन्ना बजरंगी,कमलेश विश्वकर्मा, आनंद झा,पप्पू चालकी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। लोकसभा प्रत्याशी की जिम्मेदारी मिलने के बाद प्रत्याशी महेश कश्यप ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संगठन द्वारा मिले इस बड़ी जिम्मेदारी हेतु मै शीर्ष संगठन सहित सभी नेताओं व देवतुल्य कार्यकताओ व मित्र बन्धुओ का दिल से आभार व्यक्त करता हूँ।

# ईपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्र दिखाकर किया जा सकेगा मतदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता पहचान पत्र (ईपिक कार्ड) के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्र दिखाकर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। आयोग द्वारा सभी निर्वाचकों को निर्वाचक फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी किया गया है, जिसे दिखाकर मतदान केन्द्र पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने बताया कि ऐसे मतदाता जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें आयोग द्वारा अनुमति दी गई 12 प्रकार के वैकल्पिक पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र मतदान केन्द्र में प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़ गए हैं वे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपने मतदाधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा। इन 12 प्रकार के वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक शामिल है। इसके अलावा श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/ लोक उपक्रम या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल हैं। इसी तरह ऐसे प्रवासी मतदाता, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर (लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 20क के अधीन) निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, वे मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

### शासकीय व निजी स्थानों से हटाए गए 5721 पोस्टर एवं बैनर

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर, पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिये थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति से 01 हजार 156 दीवार लेखन, 01 हजार 671 पोस्टर, 01 हजार 163 बैनर और 978 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। इसके अलावा निजी सम्पति अंतर्गत 370 दीवार लेखन, 210 पोस्टर, 172 बैनर और 01 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई हैं। इस प्रकार अब तक सार्वजनिक स्थलों से कुल 04 हजार 968 तथा निजी स्थलों से 753 सहित यानी कुल 05 हजार 721 पोस्टर-बैनर हटाए जा चुके हैं।

# स्वीप सहेली मतदाताओं को मतदान के लिए कर रहीं प्रेरित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर और स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कांकेर एवं दुगूकोंदल विकासखण्ड के गांवों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और स्वसहायता समूह की महिलाएं 'स्वीप सहेली' के रूप में गांव-गांव में रैली एवं रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं। साथ ही 'चलो मतदान केन्द्र की ओर' का नारा लगाते हुए सभी मतदाताओं को मतदान के दिन मतदान केंद्र में जाकर अनिवार्य रूप से वोट करने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है।

### मतदान दलों के प्रशिक्षण का कलेक्टर ने लिया जायजा

**धमतरी 28 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद एवं धमतरी तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आज स्थानीय सेंट मेरी इंग्लिश मीडियम स्कूल धमतरी में लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद और धमतरी के लिए गठित मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान सामग्री, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, मतदाता पर्ची, मतदान सामग्री सीलिंग, मतदान पूर्व की तैयारी, मतदान अभिकर्ता, मॉक पोल, ईवीएम सील करना, वीवीपैट को सील करना, मतदान का प्रारंभ, वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था, पीठासीन अधिकारी की डायरी, अभिकर्ताओं को दिए जाने वाले अभिकर्ता, दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मतांकन, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, डाक मतपत्र, अभ्याक्षेपित मत, निविदत्त मत, मतदान के दौरान निर्मित विशेष परिस्थितियां इत्यादि की बारिकी से जानकारी दी गई। साथ ही पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-1, की जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया कि निर्वाचन में मतदान कार्य एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसको जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना है। साथ ही सभी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-1 को मतदान करवाने की प्रक्रिया को उत्साह और अच्छे से सीखने कहा गया। कलेक्टर सुश्री गांधी ने प्रशिक्षण का जायजा लिया और कहा कि मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी-1 की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि पीठासीन एवं मतदान अधिकारी-1 मतदान केन्द्र में लगे अन्य कर्मचारियों को मार्गदर्शन देते हैं।

# सुव्यवस्थित मतदान के लिए मतदान अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

- ■ सभी मतदान अधिकारी प्रशिक्षण में हर पहलू को बारीकी से समझे- कलेक्टर
- ■ कलेक्टर एवम् जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस.एस ने प्रशिक्षण का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 28 मार्च** । भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशन में मतदान अधिकारियों को सुव्यवस्थित मतदान हेतु आयोग के नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी मास्टर टेनर्स द्वारा ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है। बुधवार को ट्रैनिंग का पहला दिवस था। जिला मुख्यालय सुकमा में डीएवी स्कूल कुम्हाररास में लोक सभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा निर्वाचन सामग्री प्राप्त करने, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को हैंडल करने ईव्हीएम को सीलिंग करने, प्रपत्रों को भरने एवं सामग्री को व्यवस्थित कर जमा करने, मॉकपोल से लेकर मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण का लिया जायजा- कलेक्टर एवम् जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस ने डीएवी स्कूल में पीठासीन अधिकारी एवं 1,2,3 मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि सभी मतदान अधिकारी, मशीनों का सही तरीके से संचालित करने, सिलिंग करने जैसे तकनीकी कार्यों का अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। मशीन कनेक्ट कर मतदान कराने से संबंधित सभी गतिविधियों के बारे में अच्छे से प्रशिक्षण लेने को कहा और किसी प्रकार की शंका होने पर मास्टर ट्रेनरों से साझा करने को कहा। उन्होंने कहा कि ईव्हीएम, वीवीपैट को अच्छी तरह से कनेक्ट करना जरूरी है। मतदान से संबंधित सभी प्रक्रिया के दौरान पोलिंग एजेंट की उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने कहा। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान अधिकारियों से टेस्ट वोट, टेंडर वोट, घोषणा, मॉक पोल, रिपोर्टिंग के बारे में बताने के लिए कहा। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास श्री शरत चंद शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी सहित अन्य अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रस्तुतीकरण के जरिए मतदान अधिकारियों के दायित्वों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। मतदान दिवस एवं मतदान के बाद किए जाने वाले कार्यो के बारे में बताया गया। मतदान अधिकारियो को अधिकृत वाहनो से ही ईवीएम मशीन लेजाने, मतदान दलो की सहायता, मतदान प्रतिशत की जानकारी भेजने, मतदान के बाद मतदान सामग्री जमा कराने, डाक मतपत्र, ईडीसी सहित संवेदनशील मतदान केन्द्रो में विशेष सतर्कता बरतने सहित उनके संपूर्ण दायित्वो के बारे विस्तार से बताया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम मतदान दलों के रेंडमाइजेशन उपरांत, संलग्न सूची अनुसार सभी अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी 1,2,3 के रूप में नियुक्ति की गई है। उन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 मार्च, 28 मार्च, 30 मार्च एवं 01 अप्रैल 2024 को निर्धारित की गई है।

## थाना फरसेगढ़ एवं छसबल ने 1 माओवादी को गिरफ्तार किया



**बीजापुर, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 26/03/2024 को जिला बल एवं 13वी वाहिनी छसबल की संयुक्त टीम द्वारा एरिया डॉमिनेशन के दौरान पैंकरम से 01 माओवादी मिलिशिया सदस्य को पकड़ने में सफलता मिली । 1. शशी कुमार गोटा (मिलिशिया सदस्य) पिता गोटा पाण्डू उम्र 28 वर्ष निवासी स्कूलपारा पैंकरम थाना फरसेगढ़ जिला बीजापुर जो दिनांक 25/11/2023 को ग्रामीण से मारपीट करने एवं लूट की घटना में शामिल था । उक्त माओवादी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा 10000/- का ईनाम उद्घोषित किया गया है ।उक्त के विरूद्ध थाना फरसेगढ़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

## नाम निर्देशन के संबंध में राजनैतिक दलों को दिया गया प्रशिक्षण

महासमुंद। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों का प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में अभ्यर्थी सहित अधिकतम पांच व्यक्ति तथा संवीक्षा के समय चार व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने बताया कि नामांकन दाखिल करने आने पर कलेक्टर कार्यालय से 100 मीटर के अंदर केवल तीन वाहन आ सकते हैं।जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि अभ्यर्थी को नामांकन पत्र के साथ प्रारूप 26 में एक शपथ पत्र देना होगा जिसमें उसके पति या पत्नी, आश्रितों आदि के बैंक खातों की जानकारी देनी होगी। अभ्यर्थी को कृषि भूमि, व्यवसायिक भवन, नकद राशि, जेवरात, वाहन आदि समस्त चल और अचल संपत्तियों तथा दायित्वों की जानकारी शपथ पत्र में देनी होगी। इस शपथपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर अभ्यर्थी का हस्ताक्षर तथा पब्लिक नोटरी या सक्षम मजिस्ट्रेट का मुहर होना चाहिए। शपथ पत्र के सभी कॉलम भरे हुए होने चाहिए। यह शपथ पत्र नामांकन दाखिल के अंतिम दिवस अपराह्न 3 बजे तक अनिवार्य रूप जमा हो जाना चाहिए। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दाऊलाल चंद्राकर, भारतीय जनता पार्टी के येतराम साहू सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सामान्य, व्यय एवं पुलिस प्रेक्षक के सहयोग के लिए कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

**महासमुंद**। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक के सहयोग के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें सामान्य प्रेक्षक के सहयोग के लिए डिगेश्वर वर्मा स्टेनो टाईपिस्ट स्वास्थ्य विभाग महासमुंद, प्रेमप्रकाश पांडेय सहायक ग्रेड-03 सिविल सर्जन सह अस्पताल महासमुंद, तोषेंद्र चंद्राकर डाटा एंट्री ऑपरेटर अ.वि.अ. कोडार नहर महासमुंद, राजेंद्र कुमार देवांगन भृत्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महासमुंद की ड्यूटी लगाई गई है।

इसी प्रकार व्यय प्रेक्षक-01 के सहयोग के लिए योगेश कुमार साहू डाटा एनालिस्ट महिला एवं बाल विकास, राजू वर्मा डाटा सहायक जिला योजना एवं सांख्यिकी, प्रशांत साहू डाटा एंट्री ऑपरेटर स्वास्थ्य विभाग, रामचंद्र यादव भृत्य शिक्षा विभाग को दायित्व सौंपा गया है।

### चयन में पारदर्शिता बरतने ऑनलाईन रेण्डमाईजेशन विधि अपनाई गई

# राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईव्हीएम और वीवीपैट का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 28 मार्च।** लोकसभा के अन्तर्गत जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र राजिम-54 एवं बिन्द्रानवागढ़-55 के लिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल एवं राजनैतिक दलों की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र राजिम-54 के 274 मतदान केन्द्र एवं बिन्द्रानवागढ़-55 के 299 मतदान केन्द्रों के लिए 21 प्रतिशत रिजर्व के साथ रेण्डमाईजेशन सॉफ्टवेयर के जरिए ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का चयन किया गया। बैठक में इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी मौजूद थे।कम्प्यूटरीकृत रेण्डमाईजेशन में राजिम विधानसभा के लिए रिजर्व सहित कुल 331 बैलेट यूनिट, 331 कन्ट्रोल यूनिट एवं 383 वीवीपैट का रेण्डमाईजेशन किया गया। इसी तरह बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 361 बैलेट यूनिट, 361 कन्ट्रोल यूनिट एवं 418 वीवीपैट मशीनों का चयन किया गया। इस तरह दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 692 बैलेट यूनिट, 692 कन्ट्रोल यूनिट एवं 801 वीवीपैट का रेण्डमाईजेशन किया गया। उल्लेखनीय है कि ईव्हीएम एवं वीवीपैट के चयन में पारदर्शिता बरतने हेतु ऑनलाईन रेण्डमाईजेशन विधि अपनाई गई तथा इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, एनआईसी के उपनिदेशक नेहरू निराला, एसडीएम विशाल महाराणा, श्रीमती अर्पिता पाठक, हितेश पिस्दा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा, डीएसपी सुश्री निशा सिन्हा सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनीतिक दल के जिला प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### ईवीएम एवं वीवीपैट को पृथक करने की गई कार्रवाई

**गरियाबंद, 28 मार्च।** निर्वाचन आयोग निर्देशा अनुसार रेण्डमाईजेशन के पश्चात आज कृषि उपज मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को विधानसभावार पृथक करने की कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में की गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, रिटर्निंग ऑफिसर राजिम श्रीमती अर्पिता पाठक, रिटर्निंग ऑफिसर बिन्द्रानवागढ़ हितेश पिस्दा सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम में अनाधिकृत व्यक्ति को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रवेश हेतु पहचान पत्र जारी कर अधिकृत व्यक्तियों के पहचान होने के उपरांत ही उन्हें वेयर हाउस में प्रवेश दिया जाए। इस अवसर पर एसडीएम श्री विशाल महाराणा, डीएसपी सुश्री निशा सिन्हा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक स्वयं उतरे सड़क पर

**पत्थलगांव, 28 मार्च**। शहर की सकरी सडको मे यातायात व्यवस्था हमेंशा चरमरायी रहती है। पुलिस की लाख कोशिशो के बाद भी सडक के किनारे अतिक्रमण एवं बढता वाहनो का दबाव के कारण शहर के भितर हमेंशा जाम की स्थिती बनी रहती है। इन दिनो सडक किनारे स्थित कुछ सरकारी एवं निजी सेक्टर के बैंक भी यातायात व्यवस्था बिगाडने मे पीछे नही है,इन बैंको के पास स्वयं की पार्किंग व्यवस्था ना होने के कारण यहा आने वाली अधिकांश वाहन सडक किनारे खडी की जाती है,जिसके कारण सडक से गुजरने वाली वाहनो को साईड लेने मे दिक्कत उत्पन्न होती है और देखते ही देखते सडक पर लंबा जाम लग जाता है। ऐसा यहा हर दिन हर दो घंटे के बाद देखने को मिल जाता है। आज जिला पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने स्वयं शहर की सडको मे उतरकर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। वे सभी सरकारी एवं निजी सेक्टर के बैंक के सामने खडे होकर बेतरतीब खडी वाहनो से जुर्माना भी वसूल किये। उनका कहना था कि शहर की यातायात व्यवस्था का जायजा लेकर वे जाम लगने के कारण का पता लगा रहे है। उनका कहना था कि व्यापारियों की दुकानो के सामने खडी होने वाली वाहनो के कारण अधिकांश जाम की स्थिती बन रही है,जिससे निपटने के लिए वे व्यापारियों के साथ बैठक कर उन्हे इस स्थिती से अवगत करायेंगे। उसके अलावा सडक किनारे हुये अतिक्रमण पर भी कार्यवाही की बात कही है,उनका कहना है कि अतिक्रमण के कारण ही शहर की सडके बेहद सकरी हो चुकी है,बढते यातायात के दबाव को स्थिर रखने के लिए सडको का चौडीकरण होना बेहद जरूरी है। जिला पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के साथ एस.डी.एम आकांक्षा त्रिपाठी,डी.एस.पी धुव्रेश जायसवाल,प्रशिक्षु डी.एस.पी भानुप्रताप चंद्राकर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजुद थे।।



# दादी जानकी की चतुर्थ पुण्य तिथि पर भावभीनी श्रद्धाजंलि दी गई

**रायपुर, 28 मार्च।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धाजंलि दी गई। विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर में आयोजित समारोह में रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।इस अवसर पर दादी जानकी का श्रद्धापूर्वक पुण्य स्मरण करते हुए ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि वह ब्रह्माकुमारी संस्थान के संस्थापक सदस्यों में से एक थीं। दादी जी विश्व के उन दस प्रमुख बुद्धीजिवियों (चद्दद्मश्चद्दह्ल्य श्चद्ध ख्द्बह्यस्त्रश्चद्ध) में शामिल थी जिन्हें वर्ष 1992 में रियो-डि-जेनरियो में सम्पन्न प्रथम पृथ्वी महासम्मेलन (स्नद्बह्ल्यह श्वड्डह्ल्ळ्द्ध स्न्नद्वद्वद्बह्) में विश्व के प्रमुख नेताओं का मार्गदर्शन करने के लिए संयुक्त राष्ट द्वारा मनोनीत किया गया था। भारत देश से सिर्फ दो लोगों को यह सौभाग्य मिला था जिनमें से एक दादी जानकी और दूसरे बौद्ध धर्मगुरू दलाई लामा थे।उन्होंने आगे बतलाया कि दादी जी ने राजयोग की अपनी उपलब्धियों से दुनिया के वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित कर दिया था। आस्ट्रेलिया की युनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, अमेरिका की युनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, सेनफ्रान्सिस्को की युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया जैसी प्रख्यात संस्थाओं ने वैज्ञानिक परीक्षण में देखा कि परस्पर वार्तालाप करते हुए तथा गणितीय प्रश्नों का समाधान करते हुए भी दादी जी के मस्तिष्क से हमेशा डेल्टा तरंगें ही प्रवाहित होती हैं। जबकि सामान्यतः गहन विश्राम अथवा निद्रा की अवस्था में ही डेल्टा तरंगे (सबसे धीमी तरंगे स्द्यश्2द्दह्ल्ह ब्क्त्रड्डद्वठ्ठ ड्ड्डाद्दह्य) निकलती हैं। इस प्रकार का परीक्षण वैज्ञानिकों ने विभिन्न योगियों के साथ किया किन्तु कहीं पर भी ऐसा अद्भुत परिणाम देखने को नहीं मिला। फलस्वरूप वैज्ञानिकों ने उन्हें सर्वाधिक स्थिर चित्त महिला अर्थात मोस्ट स्टेबल माईण्ड इन द वर्ल्ड (स्भ्शह्यह ह्यह्लड्डड्ढद्य द्वद्बठ्ठस्र द्बठ्ठ ह्लद्धद्द 2श्रह्यद्यस्र) घोषित किया था। इतना ही नहीं उन्होंने अंग्रेजी का ज्ञान नही होने के बावजूद लन्दन में रहकर विदेश में संस्थान की सेवाओं का विस्तार किया। उन्हीं के सद्प्रयासों से आज ब्रह्माकुमारी संस्थान की शाखाएं विश्व के 140 देशों में कार्यरत हैं।



## मुठभेड़ के बाद 6 माओवादियों के शव बरामद



**बीजापुर, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । दिनांक 27 /03/2024 को बीजापुर के थाना बासागुड़ा थाना क्षेत्रान्तर्गत चिपुरभट्टी के जंगल में तालपेरू नदी के किनारे नक्सलियों के क्क्र प्लाटून नंबर 9 एवं 10 के साथ हुआ मुठभेड़ डीआरजी बासागुड़ा, कोबरा 210, 205 सीआरपीएफ़ 168, 229 बटालियन की संयुक्त कार्यवाही मुठभेड़ में 02 महिला माओवादी व 04 पुरुष माओवादी के शव बरामद, प्लाटून नम्बर 10 डिप्टी कमांडर नागेश, एसीएम गंगी मुठभेड़ में ढेर मुठभेड में कई नक्सलियों के घायल होने की प्रबल संभावना है सर्च के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार, गोला बारूद एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद थाना बासगुड़ा क्षेत्रान्तर्गत क्क्र प्लाटून नम्बर 9 एवं10 के शीर्ष माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर बासागुड़ा की डीआरजी टीम, केरिपु 229, कोबरा 205, 210, केरिपु 168 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर चिपुरभट्टी, तालपेरू नदी के किनारे दक्षिण की ओर निकली थी । मिली जानकारी के अनुसार स्मॉल एक्शन टीम के सदस्य जिन्होने होली के दिन 25/03/2024 को 03 ग्रामीणों की हत्या किये थे वे चिपुरभटटी के जंगल में एकत्रित है ।अभियान के दौरान आज सुबह तालपेरू नदी के किनारे पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में 02 महिला सहित 06 माओवादियों को मार गिराने मे पुलिस बल को सफलता मिली । मौके से भारी मात्रा में विस्फोटक, हथियार एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया । मुठभेड़ में मारे गये माओवादियों की पहचान । पूनेम नागेश पिता मासा, निवासी चिपुरभटटी, पदनाम-प्लाटून नम्बर 10 डिप्टी कमांडर, ईनाम - 05 लाख 2.कोवासी गंगी पिता बंडी, 27 वर्ष निवासी - बोड़ागुड़ा थाना एर्राबोर जिला सुकमा, पदनाम - एसीएम, एरियासीएनएम अध्यक्ष, जगरगुण्डा एरिया कमेटी ईनाम- 05 लाख 3.आयतू पूनेम पिता कोवा, 28 वर्ष निवासी चिपुरभटटी, पदनाम - प्लाटून नम्बर 10 सदस्य, ईनाम - 02 लाख4.वेटटी सोनी पति नागेश, उम्र 30 वर्ष, निवासी गुण्डम छिटिमपारा थाना तर्रेम, पदनाम-प्लाटून नम्बर 10 सदस्य, ईनाम - 02 लाख 5.सुक्का ओयाम ऊर्फ विकास ऊर्फ गुडडी पिता मासे, उम्र 40 वर्ष निवासी टेकलगुड़ा, पदनाम - स्मॉल एक्शन टीम कमांडर 6.नुप्पो मोका पिता गंगा उम्र 30 वर्ष निवासी पटेलपारा नरसापुर, पदनाम मिलिशिया सेक्शन कमांडर मुठभेड़ में कई माओवादियों के घायल होने की संभावना है। घटनास्थल के सर्चिंग पर मौके से 01 नग कार्बाइन, 01 नग 9द्वद्व पिस्टल फेक्टरी मेड, 01 नग 9द्वद्व पिस्टल कंटरी मेड, 01 नग12 बोर, 01 नग भरमार, 10 नग एसएलआर के जिंदा कारतुस, 02 नग टिफिन बम, कार्डेक्स वायर, जिलेटिन स्टीक, सेफ्टी फ्यूज, इलेक्ट्रिक वायर, पिटठू, माओवादी वर्दी, दवाईया, माओवादी साहित्य आदि बरामद किया गया । क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग की कार्यवाही जारी है । माओवादी घटना में शामिल -दिनांक 25/03/2024 को बासागुड़ा पुसबाका मार्ग पर 03 निर्दोष ग्रामीणो की हत्या में शामिल थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 12/02/2022 को जिड़वागु नाला के पास केरिपु बल पर हमले में शामिल थे जिसमें केरिपु168 असिस्टेंट कमांडेंट श्री शांतिभूषण तिर्की शहीद हो गये थे । दिनांक 03/04/2021 को टेकलगुड़ियम में हुए पुलिस माओवादी मुठभेड़ की घटना में शामिल थे इसके अतिरिक्त थाना बासागुड़ा, तर्रेम, उसूर, आवापल्ली क्षेत्र में विभिन्न माओवादी घटनाओं में शामिल रहे है।

## सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक



**बीजापुर, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने जिले में व्यापक रूप से लॉजिस्टीक, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ली। इस दौरान कलेक्टर ने सभी मतदान दलों को सकुशल मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने, उनकी वापसी, ईव्हीएम मशीनों की सुरक्षा, संवेदनशील मतदान केन्द्रों की सुरक्षा सहित सम्पूर्ण निर्वाचन के दौरान व्यापक रूप से सुरक्षा व्यवस्था प्रदान कर शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा का मतदान 19 अप्रैल 2024 को होगा जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। बैठक में श्री विक्रम सिंह कमाण्डेंट 108 बटालियन, श्री किशोर कुमार कमाण्डेंट 170 बटालियन, श्री विनोद कुमार मोहिरिल कमाण्डेंट 122 बटालियन, श्री राजीव कुमार कमाण्डेंट 153 बटालियन, श्री हरिओम सागर द्वितीय कमान अधिकारी, श्री कुलदीप सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, श्री मनोज कुमार त्रिपाठी द्वितीय कमान अधिकारी, श्री संजय कुमार सिंह उप सेनानी, संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी सहित सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल थे।

## जिले में शतप्रतिशत मतदान के लिए स्वीप के तहत होगा विविध कार्यक्रमों का आयोजन



**बीजापुर, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय स्वीप कमेटी बैठक आहूत की गई। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभागवार गतिविधि आयोजित कर शत-प्रतिशत मतदान करने, मतदाताओं को प्रत्येक मत का महत्व बताने हेतु मतदाता जागरुकता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए गए है। डिप्टी कलेक्टर श्री दिलीप उईके एवं उप संचालक पंचायत श्री गीत कुमार सिन्हा को विभागवार गतिविधि हेतु तिथि निर्धारित करने निर्देशित किया गया।

बैठक में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छता एवं श्रमदान, महिला मतदाता के प्रोत्साहन के लिए रंगोली प्रतियोगिता, फैशन शो, चारों ब्लाक में महिला एवं पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता, रस्सा कशी, आनलाइन क्विज, स्कूल के बच्चों के लिए चित्रकला, निबंध लेखन, स्लोगन लेखन की प्रतियोगिता आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार महिला बाल विकास को आंगनबाड़ी स्तर से ब्लाक जिला स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने कहा गया। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा सम्मान समारोह आयोजित करने निर्देशित किया गया। जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की कार्ययोजना तैयार कर वृहद रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए गए।

# सुशासन और विकसित भारत के लिए जरूरी है मोदी की सरकार:अजय जामवाल




**महासमुन्द, 28 मार्च।** 27 मार्च को जिला भाजपा कार्यालय महासमुन्द में,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल जी और महामंत्री संगठन पवन साय जी की उपस्थिति में महासमुन्द और खल्लारी विधानसभा कोर कमेटी,प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आगामी लोकसभा चुनावों के संदर्भ में सम्पन्न हुई । इस बैठक के पूर्व मार्गदर्शन के लिये उपस्थित क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल,महामंत्री संगठन पवन साय की उपस्थिति में सांसद चुन्नीलाल साहू,महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा,लोकसभा सहप्रभारी पंडरिया विधायक भावना बोहरा,सम्भाग सह प्रभारी जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया,लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल,सह संयोजक सन्तोष उपाध्याय, जिला सहप्रभारी संध्या परगनिहा,प्रभारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा आदि ने ,भारत माता ,पंडित दीनदयाल उपाध्याय,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया गया । बैठक के प्रारम्भ में स्वागत उदबोधन देते हुए प्रभारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओ का सौभाग्य है कि हम सभी मे ऊर्जा का संचार करने वाले संगठन के दो वरिष्ठ मार्गदर्शक हमारे बीच है । 5 साल की कांग्रेसी कुशासन का अंत करने में प्रदेश के कार्यकर्ताओं में जोश, जुनून और तनमन के समर्पण से भुपेश सरकार के पतन का मार्ग प्रशस्त करने वाले कुशल संगठक अजय जामवाल जी ,पवन साय जी का मार्गदर्शन इस लोकसभा में ऐतहासिक विजय हासिल करने में सहायक सिध्द होगा 7 क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक रीति नीति और सिद्धातो पर कार्य करने वाली राजनैतिक पार्टी है 7 और भाजपा के कार्यकर्ताओ सहित देश की जनता इस बात को महसूस कर रही है कि देश प्रदेश का विकास और सुशासन के लिए भाजपा की सरकार का होना विकास की गारंटी है 7 प्रधानमंत्री मोदी जी के 10 वर्षो के 2 कार्यकाल को हम सभी ने देखा है 7 देश की सुदृढ अर्थ व्यवस्था,एकता,अखंडता और सुरक्षा के साथ भय, भ्रष्टाचार मुक्त विकसित राष्ट का निर्माण मोदी जी की सरकार में सम्भव हुआ है 7 जामवाल ने कार्यकर्ताओ को लोकसभा चुनावों के विषय मे महत्वपूर्ण दिशानिर्देश देते हुए कहा कि भाजपा मूल रूप से कार्यकर्ताओ पर आधारित कैडर बेस पार्टी है और यहाँ पर सभी कार्यकर्ताओं की समर्पण,निष्ठा,और योग्यता का सम्मान पार्टी करती रही है । पिछले विधानसभा चुनावों में कार्यकर्ताओ के परिश्रम और समर्पण ,उत्साह के साथ किये गए कार्यो के चलते ही, प्रदेश में वादाखिलाफी कर घोटाले और आतंक का पर्याय बन चुकी कांग्रेस पार्टी के भुपेश बघेल की सरकार का पतन हुआ । जामवाल जी ने छग में सत्ता परिवर्तन को कुशासन का अंत बताते हुए प्रदेश की जनता को साधुवाद देते हुए कहा कि भुपेश सरकार की तानाशाही और माफियाओं के आतंक से मुक्ति दिलाने में हमारे कार्यकर्ताओ का भरपूर समर्थन किया है ,जनादेश भाजपा के समर्थन में देकर यहा की जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि देश प्रदेश का सम्पूर्ण विकास भाजपा की सरकार ही कर सकती है 7 केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यो को बूथ स्तर पर प्रचारित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए जामवाल जी ने कहा कि हमारी प्रारंभिक इकाई बूथ है जहाँ से हमें हर बूथ पर 370 प्लस वोट के अंतर से भाजपा के प्रत्यासी की विजय का संकल्प लेकर प्रत्येक बूथ पर इस जीत के लिए जी जान से जुटना होगा 7 प्रत्येक बूथ पर 370 प्लस वोट की बढ़त धारा 370 के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की शहादत को सच्ची श्रद्धांजली होगी 7 मोदी जी के बेदाग ऐतहासिक कार्यकाल के 10 वर्षो में सभी वर्गो के लिए योजनए बनी और उन पर हुए कार्यो की हमने समीक्षा कर हितग्राहियों से प्रत्यक्ष संवाद भी किया है 7 बूथ मैनेजमेंट को सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताते हुए जामवाल ने कहा कि हम सबको बूथों की आधारभूत संरचना के अनुसार कार्य करना होगा हमारा लक्ष्य आने वाले 25 साल तक केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार की सरकार बनाना है 7 और इस लक्ष्य को पाने के लिए भाजपा के प्रत्यासीयो की विजय सुनिश्चित करनी होगी 7 जामवाल ने कहा कि कांग्रेस एक परिवार के लिए समर्पित पार्टी है जिनके हितो के लिए जनहित को दशकों तक नाकारा गया है 7 दशकों तक देश को भ्रष्टाचार और घोटालो से लूटने वाले कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों के नेताओ के चाल चरित्र और चेहरे से देश की जनता वाकिफ है इनका मकसद राष्ट्रवाद है ही नही बल्कि राष्ट्रसेवा में समर्पित मोदी जी का विरोध ने ही उन्हें जनविरोधी साबित कर दिया है 7 जामवाल ने कार्यकर्ताओ से कहा कि आज देश के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश भी कांग्रेस मुक्त हो रहा है 7 केंद्र सरकार के विकास कार्यो और जनहित में समर्पित योजनाओ को लेकर हमे बूथ स्तर पर विजय का लक्ष्य हासील करते तंक जुटना होगा 7संगठन मंत्री जामवाल ने कार्यकर्ताओं को केंद्र की भाजपा सरकार के योजनाओ और महत्वपूर्ण उल्लेखनीय कार्यो की जानकारी देते हुए कहा कि वो चाहे कोरोना का भीषण संकटकाल हो या कोरोना काल मे पूरे देश की थम चुकी विकास रथ की गति हो प्रधानमंत्री मोदी जी मां भारती के सपूत की तरह देशवासियों की जीवन रक्षा में डटे रहे ,बिना आराम लगातार काम करने वाले इस कर्मयोगी ने जीवरक्षक टीका वेकसिन उपलब्ध करवाकर लोगो की प्राण रक्षा किया है ,80 करोड़ नागरिको को निःशुल्क चावल वितरण की व्यवस्था मोदी जी की सरकार ने किया । गांव ,गरीब ,मजदूर ,किसान सहित सभी वर्गो के उत्थान और कल्याण के लिए भाजपा की सरकार और मोदी जी जैसे सच्चे जनसेवक को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना हमारा संकल्प है 7 हमारे धर्म,संस्कृति और अस्मिता के प्रतीक आराध्यदेव भगवान श्रीराम जी की अयोध्या में घर वापसी के अग्रदूत मोदी जी की 3 री बार केंद्र की सरकार में वापसी रामराज्य की कल्पना को साकार करेगा 7 अजय जामवाल ने महासमुन्द लोकसभा की प्रत्यासी श्रीमती रूपकुंमारी चौधरीं को पूरे 8 विधानसभा में ऐतहासिक बढ़त दिलाने का आह्वान करते हुए कार्यकर्ताओ से कहा कि हम सभी तनमन से मोदी जी की प्रतीक भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाकर राष्ट्रसेवक मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित करेंगे 7 महामंत्री संगठन पवन साय ने भी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से दिए गए सारगर्भित मार्गदर्शन में कहा कि जनसंघ के जमाने से महज 2 सीट से शुरू हुआ हमारा ये सफर आज इस जगह पर उपलब्धि के रूप में है तो इसका सारा श्रेय आप जैसे समर्पित, जुझारू और परिश्रमी कार्यकर्ताओ को जाता है 7 भाजपा की दृष्टिकोण से देखे तो हमारे लिए सत्ता सेवा का माध्यम है अंतिम लक्ष्य नही है 7 हम सत्ता में हो या विपक्ष में हो जनहित की हर न्यायसंगत लड़ाई हमने लड़ी है 7 पवन साय ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 5 साल की कांग्रेस सरकार में हुए घोटाले, माफियाओं के आतंक ,और प्रदेश की संपति को लूटखसोट कर अपने नेताओ की भेंट चढाने वाले कांग्रेसी नेताओ के घोटालेबाज सरकार को मोदी जी की दी हुई गारंटी का समर्थन करते हुए कार्यकर्ताओ और प्रदेश की जनता ने भुपेश सरकार को सत्ता से बेदखल किया और जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए विष्णुदेव जी नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी जी की दी हुई महत्वपूर्ण गारंटी को महज 100 दिन में पूरा करके बता दिया कि सबका साथ सबका विकास के लिए समर्पित भाजपा की सरकार जो कहती है वही करती है । यहा के माटी पुत्र किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये अंतरराशि सहित एकमुश्त भुगतान,2 साल का बकाया बोनस, महतारी वंदन योजना से 70 लाख मातृशक्ति को शसक्त बनाने 1000 रुपये की सम्मान राशि का वितरण कर भाजपा की सरकार ने बताया है कि देश नबी प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा की सरकार हो तो वो दिन दूर नही जब मोदी जी के नेतृत्व में भारत फिर से पूरे विश्व का सिरमौर होगा सोने की चिड़िया भारत और धान का कटोरा छतीसगढ समृद्धि और विकास पथ पर अग्रणी होगा ।

## एक नजर

### फूड पाइजनिंग से एक ही परिवार के दो मासूमों की मौत, पांच बीमार

**कोरबा, 27 मार्च।** समीपस्थ ग्राम गिधौरी में चाय रोटी (चावल का चीला) फूड़ पाइजनिंग से एक ही परिवार के सात लोग शिकार हो गए। इनमें तीन व छह साल के दो मासूम की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। उरगा थाना अंतर्गत ग्राम गिधौरी में रविवार को होली की खुशियां मातम में बदल गई और गांव में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि गिधौरी गांव में श्रवण कुमार अपनी पत्नी राजकुमारी, दो बेटा और एक बेटी के साथ निवासरत हैं। रविवार की सुबह नौ बजे पति-पत्नी और बच्चे समेत पड़ोस में रहने वाले चचेरे भाई के दो बच्चे एक साथ रोटी खाकर चाय पीए। नाश्ता करने के बाद श्रवण कुमार दोनों भाई-बहन बाहर खेलने चले गए। कुछ देर बाद उनके मुंह से झाग निकला, तब बच्चों ने घर आकर माता-पिता को इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही सभी लोगों की तबियत बिगड़ने लगी। घर में उपस्थित अन्य स्वजन व आसपास के लोगों को जब इसकी जानकारी हुई, तब आनन फानन में उन्होंने डायल 112 व 108 एंबुलेंस को फोन कर बुलाए। वाहन आने के बाद सभी लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया। इस बीच श्रवण कुमार की इकलौती बेटी अमृता कंवर तीन साल की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। श्रवण के बेटे अनंत कंवर छह साल की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे आईसीयू में भर्ती किया गया, पर उपचार के दौरान उसकी मौत भी हो गई। श्रवण की पत्नी राजकुमारी, देवव्रत कुमार और भाई के दो बच्चे सेमकरण कंवर, तेजस्विनी कंवर को भी जिला मेडिकल कालेज में उपचार किया जा रहा है। जिला मेडिकल अस्पताल के डाक्टर जीएस कंवर ने बताया कि एक ही परिवार के सात लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए हैं। सभी का इलाज शुरू कर दिया गया। मासूम की इलाज से पहले ही मौत हो गई। जबकि एक बच्चे की उपचार के दौरान मौत हो गई। फिलहाल एक बच्चे की हालत अभी भी गंभीर हैं, बाकी सभी खतरे से बाहर हैं। सांसद ज्योत्सना महंत ने जिला अस्पताल पहुंचकर सभी प्रभावितों का हाल जाना। सांसद ने मृतक मासूम अमृता व आनंद के स्वजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने चिकित्सकों से जानकारी लेते हुए बेहतर उपचार प्रदान करने की बात कही।

### पंडित सुंदर लाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के यूजी, पीजी, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश जारी

**कोरबा, 27 मार्च।** प्रदेश के एक मात्र शासकीय ओपन युनिवर्सिटी में विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो गया है। पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए 31 मार्च 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मुक्त विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, एमए, एमएससी, पीजीडीसीए, डीसीए, पीजीडीवायएस, बी.लिब., साइबर लॉ, एवं लेबर लॉ, योग व रामचरित मानस जैसे कोर्सों में विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के समन्वय सहायक ने बताया कि विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सभी कोर्सों के बारे में विस्तृत जानकारी एवं दिशा-निर्देश ू ण् चेवनण्बण्पद वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र कोरबा जिले के तीन महाविद्यालयों में संचालित है। शासकीय ईव्हीपीजी कॉलेज कोरबा, शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज कटघोरा एवं शासकीय कॉलेज गेवरा में विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र स्थापित है।

### निधन

#### राधिका बाई यादव

**अंवरी, 28 मार्च।** ग्राम अंवरी निवासी श्रीचंद यादव, मुलचंद यादव, कृष्णा कुमार यादव के



माता राधिका बाई यादव उम्र 75 वर्ष का आकस्मिक निधन 26 मार्च दिन मंगलवार को हो गया। वे अपने भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए उनके अंतिम संस्कार का कार्यक्रम गृह ग्राम के शांति घाट में किया गया जिसमें सेऊक राम, लिलाराम, पुरानीक, पुरण, हेमलता, प्रेम लाल, ओमप्रकाश, राजु, नोके लाल, गोविन्द, तेज सिहं, तीरथ, डोमन शिवम सहित बड़ी संख्या में परिवार समाज एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 28 मार्च।** कलेक्टर के. एल. चौहान ने मंगलवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित जिला अस्पताल और मातृ एवं शिशु अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होने करीब ढाई घंटे तक अस्पताल के विभिन्न वार्डों, कक्षों एवं लैब का निरीक्षण किया और उपलब्ध सुविधाओं, व्यवस्थाओं तथा साफ सफाई पर संतुष्टि जताई।कलेक्टर ने अस्पताल के ओपीडी एरिया में एक बॉडी मॉस इंडेक्स मशीन(बीएमआई) लगाने के भी निर्देश दिए ताकि अस्पताल आने वाले मरीज व उनके परिजन इस मशीन से अपने शारीरिक स्थिति जान सकें। बॉडी मॉस इंडेक्स मशीन एक स्वस्थ व्यक्ति का वजन उसकी लंबाई के हिसाब से कितना होना चाहिए इसके लिए तय मानक के अनुसार शरीर संतुलित है या नहीं इसकी जानकारी देता है।

कलेक्टर ने अस्पताल में लिफ्ट संचालन के लिए टेण्डर होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरु नही होने पर लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर को फोन लगाकर निर्माण कार्य शुरू नही होने के समंबन्ध में जानकारी ली और अगले दिन सम्बंधित ठेकेदार के साथ कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल परिसर में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण किया और भर्ती बच्चों के सम्बंन्ध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चो के पालकों से कहा कि केंद्र से छुट्टी मिलने के बाद यहां दिए गए आहार सूची के अनुसार घर मे भी बच्चों को समय पर आहार दें। केंद्र में 5 कुपोषित बच्चे भर्ती हैं जिन्हें डाइट चार्ट के अनुसार आहार दिया जा रहा है। अस्पताल परिसर में संचालित नशा मुक्ति केंद्र का अवलोकन करते हुए प्रतिदिन परामर्श के लिए आने वाले लोगों की जानकारी ली। बताया गया कि लगभग 5-6 लोग प्रतिदिन केंद्र में परामर्श लेने आते हैं जिनमे ज्यादातर शराब व धूम्रपान के आदी लोग होते हैं।प्रत्येक व्यक्ति की सप्ताह में एक दिन व तीन महीने तक काउंसिलिंग की जाती है।



कलेक्टर ने दवा भंडारण कक्ष का निरीक्षण कर भंडारण एवं वितरण की जानकारी ली। उन्होंने कालातीत दवाईयों की सुव्यवस्थित रख रखने के निर्देश दिए। बताया गया कि अस्पताल में दवाइयों की आपूर्ति सीजीएमएससी के द्वारा की जाती है। कालातीत दवाइयों को अलग रखने की व्यवस्था है। हर माह कालातीत दवाइयों को सीजीएमएससी को वापस कर दिया जाता है। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान शिशु रोग विभाग, फिजियोथेरेपी, प्रसूति कक्ष, आपातकालीन कक्ष, ट्रामा सेंटर, सीटी स्कैन कक्ष, हमर लैब, वायरोलॉजी लैब, डायलिसिस कक्ष, सर्जिकल वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, ब्लड बैंक, एसएनसीयू, आदि का अवलोकन किया।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, एसडीएम अमित गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. एमपी महिश्वर, सिविल सर्जन डॉ. राजेश अवस्थी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिकवेन्द्र जाटवर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### अवैध रेत परिवहन पर जिला प्रशासन की कार्रवाई

# कुकुरदी बायपास में 3 हाईवा जब्त

### अवैध रेत के भंडारण, अनुमति और उत्खनन, परिवहन के साथ-साथ रॉयल्टी पर्ची आदि सभी दस्तावेज की जांच के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 28 मार्च।** कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों द्वारा जिले में अवैध रेत परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। इस सिलसले में आज अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध बलौदाबाजार तहसीलदार राजू पटेल द्वारा कुकुरदी बायपास में 3 रेत से भरे बिना पीट पास के हाईवा वाहन ज़ब्त किया गया हैं। जब्त वाहनो में सीजी 28 क्यू 9988, सीजी 22 वी 6074 सीजी 28 एच 8108 शामिल है। जिसे जब्त कर नजदीकी थाना के सुपुर्दगी में रखा गया है।यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है की कलेक्टर के एल चौहान ने जिले में रेत के अवैध कारोबार के मामले में राजस्व अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। अवैध रेत के भंडारण, अनुमति और उत्खनन, परिवहन के साथ-साथ रॉयल्टी पर्ची आदि सभी दस्तावेजों के परीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं। चौहान ने कहा है कि ऐसी कार्रवाईयां आगे भी जारी रहेंगी। अवैध रेत खनन व धंधा करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है और ऐसे अवैध धंधे एवं परिवहन करते पकड़े जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।



विदित हो कि जिले में रेत माफिया लगातार रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के काम में लगे हुए हैं और बगैर रायल्टी पर्ची के धड़ल्ले से महानदी का सीना चीरकर बिक्री कर रहे हैं. इस काम में खनिज विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से इंकार नहीं किया जा सकता. इस बात की शिकायत कलेक्टर को मिलने पर उन्होंने जिले के तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र में रेत परिवहन करने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. आज अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध बलौदाबाजार तहसीलदार राजू पटेल ने कुकुरदी बायपास में रेत से भरे बिना पीटपास के 3 हाईवा ज़ब्त की गई। जब्त वाहनों में सीजी 28 क्यू 9988, सीजी 22 वी 6074 सीजी 28 एच 8108 शामिल हैं, जिसे नजदीकी थाना के सुपुर्दगी में रखा गया है. यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत की गई है. इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है द्य गौरतलब है की कलेक्टर केएल चौहान ने जिले में रेत के अवैध कारोबार के मामले में राजस्व अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

अवैध रेत के भंडारण, अनुमति और उत्खनन, परिवहन के साथ-साथ रॉयल्टी पर्ची आदि सभी दस्तावेजों के परीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं. तहसीलदार ने कहा कि अवैध रेत खनन व धंधा करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है. ऐसे अवैध धंधे एवं परिवहन करते पकड़े जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि प्रशासन द्वारा रेत परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है पर जिन्होंने रेत खदान ठेकेदारो पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जो बगैर रायल्टी पर्ची के रेत भरकर बेच रहे हैं. वही यह भी पता चला है कि ठेकेदार शासन के तय रेट से कई गुना ज्यादा रेत का पैसा ले रहे हैं. इसकी जांच न तो खनिज विभाग कर रहा है और न ही प्रशासन, जिससे रेत की कीमत बढ़ने से आमजनता को भवन आदि बनाने में आर्थिक हानि हो रही है।

# 36 पौवा देशी मसाला शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 28 मार्च।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश सिंह ठाकुर वं एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी अजय झा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 27 मार्च को थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से प्र आर. समीर शुक्ला आरक्षक देव निराला मोहन मेश्राम, मेघनाथ साहू, अकरम मोह0, रमाकांत भारद्वाज एवं पेट्रोलिंग स्टाफ




द्वारा में आरोपी से अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखने 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 36 पाव देशी मदिरा मशाला शराब किमती 3960 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्र. 240/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी का नाम दीपक कुमार यादव पिता दुखुराम यादव 34 साल निवासी लटुवा थाना सिटी कोतवाली जिला बलोदा बाज़ार भाटापारा है।

# पेट्रोल पम्प संचालकों को सुरक्षित स्टॉक रखने जारी किया आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 28 मार्च।** कलेक्टर के एल चौहान द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संपादन में डीजल एवं पेट्रोल की अतिरिक्त आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ मोटर स्पिरिट एवं हाईस्पीड डीजल ऑयल (अनुज्ञापन तथा नियंत्रण) आदेश 1980 की कड़िका 10 के तहत समस्त पेट्रोल एवं डीजल अनुज्ञप्तिधारियों को नियमानुसार स्टॉक सुरक्षित (डेड स्टॉक सीमा को छोड़कर) रखने को दिए गए हैं। इस हेतु उन्होंने विस्तृत आदेश जारी की है। कलेक्टर चौहान ने उक्त आदेश में विधानसभा निर्वाचन को सुचारू रूप से सम्पादित करने पर बल देते हुए नियमानुसार बलौदाबाजार एवं भाटापारा शहर के लिए पेट्रोल पंपों में डीजल 3000 लीटर, पेट्रोल 1500 लीटर, नगर पंचायत क्षेत्र के पेट्रोल पंप में डीजल के 2000 लीटर, पेट्रोल 1000लीटर इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में डीजल के 2ह00 लीटर, पेट्रोल 1000 लीटर का स्टॉक सुरक्षित रखने हेतु जिले में स्थित सभी ऑयल कंपनी के पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही पुलिस विभाग को पुलिस बल एवं केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के परिवहन हेतु सुरक्षित स्टॉक रखे जाने कहा। उन्होंने सुरक्षित स्टॉक के डीजल एवं पेट्रोल का वितरण आवश्यकतानुसार प्रोटोकॉल अधिकारी, खाद्य अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशानुसार वितरित करने को कहा है।

## समाचार संक्षेप

### अंचल में आपसी भाईचारे के साथ मनाई गई होली



**अंवरी, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंवरी सहित अंचल के गांवो भैसबोड़, कुम्हारी, पुरेना, जोरातराई, कोलियारी, भखारा भठेली, सिगदेही, भेण्डसर, सिर्वे, सेमरा, सिलतरा, सुपेला, नवगांव, थुहा, बगौद, बंगोलि, बंजारी, खपरी, कुर्रा, एवं आसपास के गांवो में रंगों का महापर्व होली पूरी सादगी के साथ मनाया गया। प्रेम, भाईचारे और सबको एक सूत्र में जोड़ने वाले इस त्यौहार का उत्साह हर वर्ग में देखते ही बन रहा था। इस बार लोगो ने पूरे उत्साह व उमंग के साथ इस पर्व की खुशियां बांटी।होली के इस खास मौके पर गांव के लोगों ने अपने निवास या चौक चौराहो में आपस में मुलाकात कर रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशी में रौनकता का रंग भरा।तो वहीं कुछ लोग अपने मित्रों, रिश्तेदारों से मेल-मुलाकात कर रंगों के इस महाउत्सव में डूबते नजर आएं। ईश्वर साहू केशव साहू ने बताया कि होली पर्व के कुछ दिन पूर्व से ही अंवरी सहित अंचल में नंगाड़ों की थाप से फाग गीत गातें हुए लोगो ने पर्व की उमंग में जुटे हुए थे।तदुपरांत होली की पूर्व संध्या पर विभिन्न स्थानों पर विधिवत रूप से होलिका दहन होते ही होली पर्व के उत्साह में लोग मगन होने लगे।गांव के विभिन्न चौंक-चौराहों में लोगो ने नंगाड़े की थाप पर फाग गीत गाते हुए पर्व की मस्ती में डूबे रहे।इसी तरह महिलाओं ने भी पारंपरिक रूप से अपने घरों व आसपड़ोस में रंग-गुलाल लगाकर सभी को त्यौहार की बधाई देते हुए उन्होंने जींवन में भी प्रेमव्यहार के रंग को बरकरार रखने की बात कही।

### मोहल्लेवासियों ने की नाली का सफाई



**अंवरी, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम अंवरी मे पानी निकासी के व्यवस्था को देखते हुए गली मोहल्ले में नाली बनाया गया है जो की रख रखाव के भाव में नाली गंदगी से भर गया है जिसे देखते हुए मोहल्ले वासियों ने साफ सफाई किया जिसमें रामगुलाल साहू, थानेश निर्मलकर, फत्ते लाल, उदय, तोषबाई, खिलेश्वरी, दूलारी बाई, लक्ष्मी धुव ने बताया कि साल भर पुर्व नाली निर्माण किया गया था जो की क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे आने-जाने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है अगर ऐसा रहता तो बड़ी दुर्घटना होने में देर नहीं।

### उद्योग मंत्री के निवास में होली, जमा फाग का रंग



**कोरबा, 27 मार्च।** वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के चारपारा कोहड़िया स्थित निवास स्थान पर हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। मंत्री श्री देवांगन के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। सुबह से ही मंत्री निवास पर कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटनी शुरु हो गई थी। मंत्री श्री देवांगन ने सभी को रंग लगाया, गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा की होली का त्योहार हमें गिले-शिकवे भूलाकर आपसी भाईचारे के साथ काम करना सीखाता है। इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने जिलेवासियों से मिल-जुलकर जिले व प्रदेश के विकास में योगदान देने की बात की। होली के इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 4 जून को एक बार फिर प्रदेश में होली मनाएंगे।उन्होंने कहा की खुशियों का यह रंगोत्सव आप सभी के जीवन में समृद्धि व सद्भाव का रंग लाए और नई ऊर्जा के संचार का माध्यम बने।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अंवरी, 28 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पचपेड़ी के दीनाराम पुष्कर के पिता कुलंजन पुष्कर उम्र 88 वर्ष ने गांव के खंती तालाब पार के पास बरगद के पेड़ पर 25 मार्च को लगभग 11 बजे रात्रि में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। ग्रामवाशियों के द्वारा सुबह इस घटना को देखने पर सूचना सरपंच फत्ते महर, पंचों एवं परिवार वालों को दिया, सरपंच सहित सभी ने तत्काल भखारा थाना में फोन लगाकर इस घटना की सूचना दी।



तत्पश्चात पुलिस घटना स्थल पहुँच कर शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को घरवालों को सौंपा गया। बुजुर्ग के आत्महत्या करने का का कारण अज्ञात है।

### ग्राम खैरा, सरगांव मुंगेली की घटना, पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

# जान से मारने की धमकी देकर आत्महत्या करने के लिए प्रताड़ित करने वाले 4 गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 28 मार्च।** जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एसडीओपी श्रीमति निधी नाग एवं थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 239/2024 धारा 306, 34 भादवि के आरोपीगण को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया

आरोपियों के नाम दिलहरण साहू पिता गोंदी राम साहू उम्र 52 साल साकिन खैरा थाना सरगांव जिला मुंगेली, मोहन यदु पिता खोरबाहरा यदु उम्र 47 साल साकिन दतरेंगी थाना भाटापारा ग्रामीण, कपिल साहू पिता दिलहरण साहू उम्र 32 साल साकिन खैरा थाना सरगांव जिला मुंगेली, कपुरन साहू पति स्व. पनेश्वर साहू उम्र 28 साल साकिन सकरी थाना सिटी कोतवाली हाल खैरा थाना सरगांव जिला मुंगेली

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि दिनांक 29.07.2023 के सुबह 10:20 बजे रमेश कुमार साकिन सकरी थाना आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका लड़का पनेश्वर साहू उम्र 30 वर्ष, का इनके पत्नि कपूरन बाई के साथ विवाद चल रहा हैं। पिछले 04 माह से वह अपने मायके में हैं। पति-पत्नि का मामला मुंगेली के कोर्ट मे चल रहा हैं। मृतक अपने घर में अकेला रह रहा था। इसी विवाद के चलते पनेश्वर साहू, दिनांक 29.07.2023 को स्वयं आग लगाकर आत्महत्या कर लिया हैं। कि रिपोर्ट पर मर्ग क्र. 77/23 धारा 174 दप्रसं. का मर्ग इन्टीमेशन कायम किया गया, जिसका पंचनामा कार्यवाही दौरान शव पंचनामा के मृतक के पास वाले रूम में एक सुसाइड नोट मिला



जिसमें मृतक के ससुर दिलहरण साहू, उसका मितान मोहन यदु, मृतक की पत्नि कपुरन बाई साहू, तथा कपिल साहू के द्वारा दो-तीन बार जान से मारने की धमकी देने बाबत् लेख हैं।

मृतक के पिताजी रमेश कुमार साहू, मृतक के भाई भोलाराम साहू, शुकवारो साहू, चुरामणी साहू, गणेशराम साहू, वगैरह से कथन लिया गया। सभी ने बतलाये कि मृतक के ससुर, उसकी पत्नि कपुरन साहू, कपिल साहू, मोहन यदु द्वारा हमेशा पनेश्वर साहू के आचरण ठीक नहीं होने का आरोप लगाकर प्रताड़ित करते थे और कपुरन साहू के द्वारा आये दिन झगड़ा विवाद करते रहते थे, जिससे प्रताड़ित होकर आरोपियों के द्वारा आत्महत्या करने के लिए उकसाने के कारण पनेश्वर साहू, अपने ऊपर स्वयं मिट्टी तेल डालकर माचिस से जलाकर आत्महत्या कर लेना बतलाये। सुसाइड नोट का हस्तलिपि विशेषज्ञ से परीक्षण कराया गया, जिसमें मृतक के लिखावट संबंधित जप्त किया गया के लिखावट के जैसा (एक समान) होना पाया गया। मृतक के पीएम रिपोर्ट में आग से जलने के कारण मृत्यु होना लेख हैं। मर्ग जांच पर आरोपी मृतक के ससुर दिलहरण साहू, उसका मितान मोहन यदु, मृतक की पत्नि कपुरन बाई साहू, तथा कपिल साहू के द्वारा मृतक को प्रताड़ित कर आत्महत्या करने के लिए उकसाने के चलते मृतक पनेश्वर साहू आग लगाकर आत्महत्या कर लेना जो आरोपियों का कृत्य धारा 306, 34 भादवि. का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपियान को आज दिनांक 27.03.2024 को गिरफ्तार किया कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर लिया गया।

उक्त कार्यवाही में प्रआर. संजय साहू, मआर स्वाती साहू, उकेश्वरी साहू का विशेष योगदान रहा

## एक नजर

### सूने मकान से नकदी 72 हजार पार

**रायपुर, 28 मार्च।** न्यू राजेन्द्र नगर के पवन विहार कालोनी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 72 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता 48 वर्ष पवन विहार कालोनी न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने 26-27 मार्च की दरम्यानी प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 72 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सर्विस रोड किनारे खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 28 मार्च।** कुशालपुर सर्विस रोड किनारे खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ललीत यादव 29 वर्ष प्रियदर्शनी नगर न्यू राजेन्द्रनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 8313 को कुशालपुर सर्विस रोड किनारे खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर, 28 मार्च।** कबीरनगर चौक रामनगर में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी देवेन्द्र साहू 28 वर्ष निवासी भरतनगर गुढ़ियारी ने थानरा में शिकायत किया कि वह कबीरनगर चौक के तरफ गया था, तभी आरोपी जावेद खान 29 वर्ष ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी जावेद खान ने आरोपी देवेन्द्र साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323 के तहत काउंटर अपराध दर्ज किया है।

### रियलमी नार्ज़ो 70 प्रो 5जी पेश

**रायपुर 28 मार्च।** भारत में सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने अपने अपनी नार्ज़ो सीरीज में नया स्मार्टफ़ोन - रियलमी नार्ज़ो 70 प्रो 5जी पेश किया है। रियलमी की नार्ज़ो सीरीज में यूज़र्स को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए स्मार्टफोन की एक स्टाइलिश श्रृंखला आती है। रियलमी और अमेज़न ने ग्राहकों को रियलमी की नार्ज़ो श्रृंखला के साथ खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए रणनीतिक सहयोग किया है। रियलमी की नार्ज़ो सीरीज केवल अमेज़न.इन पर उपलब्ध है और अपने यूज़र्स को आधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी ड्युअल प्लेटफ़ॉर्म की रणनीति के अनुरूप, रियलमी ने मार्च 2023 में अमेज़न पर अपना पहला ऑनलाइन स्टोर लॉन्च किया।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 28 मार्च ।** आरंग एवं विधानसभा पुलिस ने आरोपी अवैध शराब बेचते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 49 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 350 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने ग्राम रानीसागर तिराहा के पास अवैध शराब के साथ आरोपी गगन वर्मा 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने ग्राम सेमरिया में आरोपी निलेश जांगड़े 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 14 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 350 रुपए जब्त किया है।

### पहले चरण के लिए नामांकन पूरा

**रायपुर, 28 मार्च ।** छत्तीसगढ़ में पहले चरण के एक सीट बस्तर के लिए नामांकन पूरा हो गया है। अब दूसरे चरण के चुनावों के लिए आज यानी 28 मार्च से नामांकन होना है। दूसरे चरण में कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा सीट के लिए नामांकन लिए जाएंगे। बता दें कि प्रत्याशियों की तो राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैं। उनका मुकाबला मौजूदा भाजपा सांसद संतोष पांडेय से है। महासमुंद सीट से कांग्रेस ने पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू को प्रत्याशी बनाया है। यहां से बीजेपी ने रूपकुमारी चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। कांकेर से कांग्रेस ने वीरेश ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने भोजराज नाग को प्रत्याशी बनाया है। वीरेश ठाकुर 2019 में यहां से लोकसभा लड़ चुके हैं, उस समय वे करीब पांच हजार वोटों से हारे थे।

### सरेआम शराब पीते 37 गिरफ्तार

**रायपुर, 28 मार्च।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 37 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने नेहरूनगर होण्डा शोरूम के पास सरेआम शराब पीते आरोपी टीकाराम निषाद 28 वर्ष, दीनेश निहाल 35 वर्ष, रमन यादव 40 वर्ष, कृष्णा चौहान 28 वर्ष व उमेश यादव 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी संजय यादव 21 वर्ष, प्रकाश साहू 26 वर्ष व अभिषेक साहू 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# अंतिम वित्तीय माह: कोषालय से निकाले गए करोड़ों रुपए

**शासकीय मकान रिनोवेशन, कार व कार्यालय साज-सज्जा के बिल कराए जा रहे पारित**

- 31 मार्च को भी खुले रहेंगे सभी राष्ट्रीयकृत बैंक

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 28 मार्च।** अंतिम वित्तीय माह के अंतिम सप्ताह में जिला कोषालय एवं संचालनालय वित्त में करोड़ों रुपए के शासकीय बिलों का आहरण किया गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार 31 मार्च रविवार को भी सभी राष्ट्रीयकृत बैंक खुले रहेंगे जिसमें शासकीय मदों से लेनदेन सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। अंतिम वित्तीय माह होने के कारण नगर निगम में प्रॉपर्टी टैक्स तथा पुलिस विभाग में चालान का रिकार्ड सहित रजिस्ट्री कार्यालय में रजिस्ट्री करवाने वालों की भीड़ लगी हुई है।

राज्य शासन के वित्त विभाग के कोषा एवं पेंशन संचालनालय के प्रमुख महादेव कावरे के अनुसार अंतिम वित्तीय माह होने के कारण इस समय सभी जिला कोषालयों से बिल प्रस्तुत कर अलग-अलग विभाग राशि आहरण कर रहे हैं। जिलों से बिल पास होकर विभागीय संचालनालय में आते हैं। यहां पर बजट शाखा द्वारा अनुमोदन दिए जाने के बाद इसका भुगतान किया जाता है। गुड फ्राइडे का अवकाश होने के कारण अधिकांश जिला कोषालयों में 100 करोड़ से अधिक का आहरण पहले ही कर लिया गया है। इस समय स्वास्थ्य, पंचायत, शिक्षा, लोक निर्माण एवं महिला बाल विकास विभाग की बड़ी राशि के बजट के तहत निकाली गई हैं। ज्ञात रहे राज्य शासन द्वारा 31 मार्च के बाद बजट का नया आबंटन किया जाएगा इसलिए चालू वित्त वर्ष की राशि बड़ी संख्या में निकाली जा रही है। बजट पास होने के बाद शीर्ष क्रमांक के अनुसार आबंटित किया जाता है।

### प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने लगी लाइन

नगर निगम में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने वालों का तांता लगा हुआ है। यूनिक कोड के आधार पर लोग ऑनलाईन पेमेंट कर रहे हैं। पूरे 70 वार्डों को 10 जोन में बांटा गया है। प्रॉपर्टी टैक्स के लिए अलग-अलग नियम बनाए गए हैं जिसके तहत किराएदार, दुकान, व्यवसायिक काम्प्लेक्स अथवा एटीएम लगाने वालों पर सरचार्ज लगाया जा रहा है इसके कारण यहां पर विवाद पैदा हो गया है। विभिन्न वार्डों के पार्षद प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने में भी योगदान दे रहे हैं। पट्टा धारकों से लेकर भूस्वामित्व मालिकों को नल-जल पटाना अनिवार्य कर दिया गया है। अन्य टैक्स मकान के कुल निर्माण के अनुपात पर लिया जा रहा है। इस समय जोन क्रमांक 10 अमलीडीह में सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी टैक्स जमा हो रहा है। एक अनुमान के अनुसार 10 से 12 करोड़ रुपए यहां पर जमा हो जाएगा। आबकारी, राजस्व सहित अन्य विभागों में भी सारी वित्तीय औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। शासकीय मकानों के रिनोवेशन, कार मरम्मत एवं साज-सज्जा के नाम पर बिल पारित कराए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा भी अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए चालान काटा रहा है।

### भूमि पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़

राज्य के भूमि एवं पंजीयन कार्यालय में जमीन की खरीदी बिक्री करने वाले सक्रिय हैं। नई गाइडलाइन जारी होने के कारण मार्च के पहले रजिस्ट्री कराई जाती है। राज्य शासन के महानिरीक्षक, भूमि एवं पंजीयन द्वारा एक वेबसाइट बनाया गया है जिसके कारण रजिस्ट्री में एक सप्ताह का समय लग रहा है। वेबसाइट द्वारा राजस्व एवं भूमि निवेश शाखा के द्वारा अनुमति ली जाती है। राजस्व एवं पंजीयन विभाग में विवाद को बढ़ते देख राज्य सरकार ने नया वेबसाइट बनाया है। इस समय अधिकांश अधिवक्ता जमीन की खरीदी-बिक्री की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए सक्रिय हैं। डाटा एंट्री, भूमि पंजीयन महानिरीक्षक के अनुसार स्टाम्प ड्यूटी के रूप में प्रति वर्ष 9 से 10 हजार करोड़ रुपए मिलने का लक्ष्य रखा गया है।

# रेलवे स्टेशन के देवभोग मिल्क पार्लर में लगी आग



**रायपुर 28 मार्च।** रायपुर रेलवे स्टेशन पर आगजनी की घटना हुई है। प्लेटफार्म नंबर 7 पर स्थित दो स्टॉलों में देर रात अचानक आग लग गई। आग इतना भीषण था की दोनों स्टॉल जलकर पूरी तरह से खाक हो गए। वहीं आग लगने से रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण अज्ञात है। यह मामला आरपीएफ थाना इलाके का है। जानकारी के अनुसार, प्लेटफार्म नंबर 7 पर स्थित देवभोग मिल्क पार्लर और एक चाय स्टॉल में देर रात भीषण आग लगी, दोनों स्टॉल जलकर स्वाहा हो गए। इस आगजनी की घटना में लाखों का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। जांच के बाद ही असल वजह सामने आएगी, इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### वेदांता ने हासिल किया परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेट

**रायपुर 28 मार्च।** वेदांता एल्युमिनियम की इकाई भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कोरबा, छत्तीसगढ़ स्थित अपने संयंत्र में प्राथमिक एल्युमिनियम उत्पादों के मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई के लिए एल्युमिनियम स्टूवर्डशिप इनिशिएटिव (एएसआई) का परफॉर्मेंस स्टैंडर्ड वी3 सर्टिफिकेशन हासिल किया है। बालको प्लांट में मॉल्टन एल्युमिनियम (गर्म धातु) उत्पादन हेतु स्मेल्टर के दो पॉटलाइंस तथा एल्युमिनियम को आकार देने के लिए तीन कास्टहाउस और रोल्ड प्रोडक्ट एवं पावर जेनरेशन प्लांट शामिल हैं।

# राजनांदगांव, महासमुंद व कांकेर लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

- मतदान 26 अप्रैल को, भूपेश बघेल के चुनाव लड़ने से राजनांदगांव बनी हाईप्रोफाइल सीट

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 28 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के द्वितीय चरण में कुल तीन लोकसभा क्षेत्रों राजनांदगांव, महासमुंद तथा कांकेर लोकसभा के चुनाव कराने के लिए आज अधिसूचना जारी कर दी गई है। भाजपा के प्रत्याशियों के नामांकन भरने के दौरान तथा कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 6 राजनांदगांव, 9 महासमुंद एवं 11 कांकेर में मतदान कराने के लिए 28 मार्च को अधिसूचना जारी कर दी गई है। तीनों जिला कार्यालयों के आसपास पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। कार्यालय के अनुसार द्वितीय चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल गुरुवार, नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल शुक्रवार, नाम वापसी की तिथि 8 अप्रैल सोमवार, मतदान 26 अप्रैल को, 4 जून को मतगणना होगी। आयोग के अनुसार यहां पर जिलाधीश को ही निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। निर्वाचन अधिकारी अपनी सहायता के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त कर सकते हैं। द्वितीय चरण के लोकसभा चुनाव में हाईप्रोफाइल कैंडिडेट मैदान में उतरे हैं। राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मुकाबला भाजपा के संतोष पांडेय से है। वहीं महासमुंद में भाजपा की रूपकुमारी चौधरी एवं कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू, कांकेर से भोजराज नाग व कांग्रेस से बीरेश ठाकुर अपनी किस्मत आजमाएंगे। इसके अलावा क्षेत्रीय दल भी चुनाव मैदान में उतरेंगे। बीरेश ठाकुर पिछले चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। कांकेर लोकसभा क्षेत्र में भानुप्रतापपुर, बालोद तथा डौण्डी लोहारा में कांग्रेस का कब्जा है। यहां पर श्रीमती अनिला भेडिया, संगीता सिन्हा एवं सावित्री मंडावी कांग्रेस की विधायक हैं। राजनांदगांव में भी खुज्जी से कांग्रेस के विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगांव दलेश्वर साहू, मोहला मानपुर से इंद्रशाह मंडावी, डोंगरगढ़ से हर्षिता स्वामी बघेल विधायक हैं। भूपेश बघेल के चुनाव लड़ने पर कांग्रेस में घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ताओं का आरोप है कि वे इस समय काफी विवाद में हैं। ईडी सहित ईओडब्ल्यू की कार्रवाई उन पर चल रही है। महासमुंद में रूपकुमारी चौधरी भाजपा प्रत्याशी हैं। यहां पर उन्हें कुरूद के विधायक अजय चंद्राकर एवं अन्य भाजपा विधायकों का समर्थन प्राप्त है। कांग्रेस के महामंत्री मलकीत सिंह गैदू के अनुसार अभी तक स्टार प्रचारकों की सूची प्राप्त नहीं हुई है।

### लोकसभा चुनाव के लिए नक्सल प्रभावित जिलों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

पुलिस अधिकारी आरके ध्रुव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नक्सल प्रभावित जिलों की समीक्षा की है। यहां के एसपी तथा अन्य पुलिस अधिकारियों से चर्चा कर उन्होंने पैरामिलिट्री फोर्स के संबंध में जानकारी ली है। प्रथम चरण में बस्तर के 1961 केंद्रों में मतदान होगा। बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा घोर नक्सली क्षेत्रों में आते हैं। यहां पर हेलीकाप्टर सेवा उपलब्ध कराने के संबंध में भी चर्चा हुई है।

### 30 को उत्तर विधानसभा में होगी बृजमोहन की सभा

भाजपा के पार्टी प्रमुख के अनुसार उत्तर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं का होली मिलन एवं प्रचार की रणनीति बनाने के लिए 30 मार्च को उत्तर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है। यह कार्यक्रम पाटीदार भवन फाफाडीह में होगा। विधानसभा चुनाव में प्रभारी रहे लोकेश कावड़िया के अनुसार इस कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा एवं लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# बेटी बचाओ मंच ने निकाली नशा विरोधी रैली

**रायपुर 28 मार्च।** बेटी बचाओ मंच कुशालपुर ने होली में नशा से दूर रहने का संदेश युक्त बैनर लेकर ढोलक मंजीरा सहित होली गीत व नारे लगाते हुए रैली निकाली। रैली क्षेत्र के विभिन्न मार्गो से गुजरी । रास्ते में नशे में धूत लोगों को नशा नहीं करने की समझाइश दी गई । मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि यह रैली विगत 15 वर्षों से निकल रही है । उन्होंने कहा इस रैली में नशा के साथ-साथ सफाई ,पर्यावरण को भी साफ रखने का संदेश दिया जाता है। रैली में प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, सुधा शर्मा ,नलिनी रेड्डी, संगीता शुक्ला ,रोमा पिल्ले, रश्मि शर्मा ,अनुराधा शर्मा ,मोना दुबे, लता सिधारे, नेहा पटेल, लक्ष्मी साहू




, यशोदा कश्यप, रश्मि रेड्डी, रश्मि राजपूत सहित पदाधिकारी शामिल थे। संचालन रश्मि रेड्डी तथा आभार संगीता शुक्ला ने किया।

### ग्रामीणों ने महानदी मुख्य नहर से पानी की मांग की

**रायपुर 28 मार्च।** भीषण गर्मी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। भूजल श्रोत नीचे चले जाने के कारण बोर सूख गए है । निस्तारी तालाब भी सूखते जा रहें है। लोगों की आस अब गंगरेल बांध पर टिकी हुई है। आज अभनपुर ब्लाक के अंतर्गत ग्राम कन्हेरा के नागरिकों ने जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं रायपुर लोकसभा के चुनाव संयोजक अशोक बजाज को ज्ञापन देकर महानदी मुख्य नहर की मांढर शाखा नहर से पानी देने की मांग की। श्री बजाज ने ग्रामीणों को शीघ्र जल संकट दूर करने हेतु उचित पहल करने का आश्वासन दिया । ज्ञापन देने वालो में मुख्य रूप से भेखराम साहू, कृष्णा निषाद, हरीश वर्मा, रिखी राम साहू, नूतन निषाद, तामेश्वर साहू एवं गणेश निषाद आदि शामिल थे।



# होली मिलन में सड़क सुरक्षा तथा मतदान जागरूकता का संदेश

**रायपुर 28 मार्च।** शहर के अनुपम उद्यान एवं ऑक्सीजोन में होली पर्व के अवसर पर पारंपरिक रूप से आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वास्थ्य संवर्द्धन के लिए एरोबिक्स, जुंबा, सड़क सुरक्षा तथा मतदाता जागरूकता हेतु संगीतमय नुक्कड़ नाटक सहित अन्य रोचक कार्यक्रमों के साथ फूलों की होली का आयोजन रायपुर वेलफेयर फाउन्डेशन सोसायटी लायंस क्लब रायपुर, अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा, स्टे फिट विथ मी ग्रुप, अमेजन, सी-3 इण्डिया सहित विभिन्न सामाजिक संगठनो के द्वारा किया गया। अत्यंत पारिवारिक माहौल में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में विभिन्न आयुवर्ग के सैकड़ों नागरिकों ने शामिल होकर इस बहुउद्देशीय कार्यक्रम का आनंद लिया। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में स्टेफिट विथ मी ग्रुप प्रमुख शुभांगीजी ने भक्तिमय संगीत में जुम्बा का अभिनव प्रयोग किया तदुपरांत टीम के अन्य कोरियोग्राफर ने स्वास्थ्य वर्द्धन के लिये ऐरोबिक्स कराया। इस अवसर पर रोड सेफ्टी लीड एजेसी की टीम के सहयोग से नशे में वाहन चालन सहित अन्य लापरवाहियों से परिवार/ समाज पर दुष्प्रभाव के बारे में अत्यंत रोचक नुक्कड़ नाटक की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। लीड़ एजेंसी(रोड़ सेफ्टी)छत्तीसगढ़ अध्यक्ष संजय शर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को मतदान हेतु शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों सहित लायंस क्लब अध्यक्ष रमेश अग्रवाल, रायपुर वेलफेयर फाउडेशन सचिव जेपी अग्रवाल, अमेजन/सी-3 इण्डिया ग्रुप के खिलेश्वर निषाद सहित विभिन्न सामाजिक संस्थानों के प्रतिनिधि, मीडिया कर्मी, योग साधक, खिलाडी/जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### देवांगन को बधाई

**रायपुर 28 मार्च।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के वित्त विभाग में कार्यरत अशोक देवांगन उच्च श्रेणी लिपिक ने अपना शोध प्रबंध डा एल, यस, गजपाल के शोध निर्देशन में सामाजिक विज्ञान संकाय के अंतर्गत समाज शास्त्र विषय में अपना शोध प्रबंध पूर्ण किया । शोध विषय है। वैश्विक महामारी कोविड -19 का प्रवासी श्रमिकों के सामाजिक आर्थिक स्थिति पर प्रभाव है। अशोक देवांगन की इस उपलब्धि पर वि वि कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव प्रदीप कुमार मिश्र एवम वर्तमान कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील नामदेव शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों ने बधाई दी है ।



### अग्रवाल सभा का होली मिलन समारोह

**रायपुर 28 मार्च।** अग्रवाल सभा द्वारा होली मिलन समारोह अयोजित किया गया जिसमे समाज के प्रमुख लोग उपास्थित हुऐ, इस अवसर पर सभी ने होली की बधाई दी और समाज के उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर महिला मंडल की उपस्थित सारहनीय रही महिला मंडल को प्रत्येक लोगो ने आभार व्यक्त किए अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल , महामन्त्री विजय अग्रवाल समस्त सभा के पदाधिकारी,महिला मण्डल प्रभारी कैलाश मुरारका , महामन्त्री ममता अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजकुमारी अग्रवाल , नीना अग्रवाल , राज श्रीं अग्रवाल , प्रिया अग्रवाल शामिल हुई।

# उत्कल दिवस समारोह 1 अप्रैल को

**रायपुर 28 मार्च।** ओडिशा राज्य एवं छत्तीसगढ़ राज्य के ओड़िया भाषी लोगों के लिए यह एक महत्वपूर्ण दिवस है, जो 01 अप्रैल 1936 को भाषा के आधार पर राज्य गठन की स्थापना दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ पूरे देश में मनाया जाता है। प्रतिवर्ष इस दिन अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन राज्य के सांस्कृतिक विरासत और राज्य की प्रगति का जश्न मनाने का भी एक अवसर है। छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर, कुनकुरी, लैलूंगा, तमनार, रायगढ़, पुसौर, सरिया, बरमकेला, सारंगढ़, सरायपाली, बसना, पिथौरा, खल्लारी, महासमुंद, गरियाबंद, कांकेर, कोण्डागांव, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, भिलाई, दुर्ग, सरगुजा, बिलासपुर एवं रायपुर में विभिन्न जातियों के उडिया बंधुओं की 35 लाख से भी ज्यादा की आबादी विद्यमान है। इस वर्ष 01 अप्रैल 2024 को ओडिशा राज्य का 89वां



स्थापना दिवस छ.ग. के सर्व ओड़िया समाज एवं उत्कल सांस्कृतिक परिषद, रायपुर द्वारा राज्यपाल, छत्तीसगढ़ विश्वभूषण हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सम्पन्न होने जा रहा है। इस सुअवसर पर छ.ग. शासन के समस्त मंत्रीगण, नेता प्रतिपक्ष, रायपुर सांसद, रायपुर शहर के विधायकगण एवं रायपुर नगर निगम के महापौर उपस्थित होंगे। यह संपूर्ण कार्यक्रम विधायक, रायपुर उत्तर क्षेत्र पुरन्दर मिश्रा के विशेष मार्गदर्शन एवं योगदान के फलस्वरूप सफलतापूर्वक संपन्न होने जा रहा है। यह जानकारी पत्रवार्ता में पुरंदर मिश्रा ने दी।

यह कार्यक्रम 01 अप्रैल 2024 दिन सोमवार, समय रात्रि 08:00 बजे गवर्नमेंट स्कूल, छोटापारा, रायपुर में आयोजित होने जा रहा है। इस अवसर पर सांस्कृतिक दलों द्वारा उडिया गीत, भजन, ओडिशी नृत्य एवं संबलपुरी नृत्य आयोजित किया जावेगा।

**चुनावी तैयारियों में लगातार आ रही है तेजी**

# महिलाओं का भरोसा भाजपा और मोदी पर: बृजमोहन

**रायपुर 28 मार्च।** रायपुर लोकसभा चुनाव के समीप आने से चुनावी तैयारियों लगातार तेजी आ रही है लगातार बैठकों, कार्यकर्ता सम्मेलनों, वॉल राइटिंग, डोर टू डोर और कार्यालय उद्घाटन जैसे अन्य आयोजनों का दौर जारी है इसी कड़ी में रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल लगातार भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों और मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की बैठकें लेकर उन्हें विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौप रहे हैं इसी कड़ी में आज रायपुर शहर एवं रायपुर ग्रामीण की भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों की पृथक बैठकें ली

जहां सर्वप्रथम बृजमोहन अग्रवाल ने उपस्थित सभी महिला मोर्चा पदाधिकारियों की उपस्थिति ली एवं उन्हें लोकसभा चुनाव संबंधित मार्गदर्शन और जिम्मेदारियां सौंपी उसके पश्चात उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा आप सभी महिला नेत्रियों समाज में भाजपा के प्रमुख चहेरे हैं समाज में भाजपा की रीति नीति पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती है आप सभी और इस लिहाज से लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी का



विशेष महत्व है यह भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच ही है जो महिला सशक्तिकरण के नजरिए से अधिकतर योजनाओं में मुखिया के रूप में महिलाओं को प्रमुखता दी चाहे बात प्रधानमंत्री आवास योजना की हो, राशन कार्ड में मुखिया हो या फिर उज्वला योजना लाभ की लाभार्थी महिलाओं को ही बनाया गया है और तो और भारत की संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण बिल भी लाया गया है जिसके तहत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। आप सभी को भाजपा के जिम्मेदार पदाधिकारी होने के नाते डोर टू डोर संपर्क करके महिलाओं के हित में चलाई जा रही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं जिससे भारत के लाखों परिवार लाभान्वित हो रहे हैं जैसे प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन के माध्यम से 12 हजार सालाना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना और महिला सुरक्षा जो सबसे महत्वपूर्ण है। आज महिलाओं का भरोसा भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। आपको हर महिला मतदाताओं के पास पहुंचकर उन्हें इन तमाम योजनाओं से अवगत करवाना है चाहे विपक्षि भी हो उनके बीच जाकर भी करें अपनी सरकार की योजनाओं की चर्चा कहीं ना कहीं उन सभी को भाजपा की योजनाओं का लाभ उनके परिवार तक भी पहुंच रहा है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान भी किया की अपने आस पास ऐसा माहौल बनाएं की स्वयं ही महिलाएं पार्टी से जुड़ने आगे आएं और आप सभी को चौनौती की तरह इस कार्य को करना है।

# बापू की कुटिया में वरिष्ठजनों के साथ होली मिलन आयोजित

**रायपुर 28 मार्च।** शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा कलेक्टर परिसर गार्डन स्थित बापू की कुटिया में वरिष्ठजनों के आशीर्वाद के साथ धूमधाम से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया । होली मिलन समारोह में अबीर गुलाल व फूलों की होली खेली गई। वरिष्ठजनों के मनोरंजन के लिए अनेक मनोरंजक खेल रखे गए साथ ही होली के गीतों पर वरिष्ठजनों द्वारा नृत्य कर होली मिलन कार्यक्रम को यादगार बना दिया गया। आयोजन में संरक्षक सदस्या श्रीमती शकुंतला देवी अध्यक्ष स्मिता गजेन्द्र सिंह, गोविन्द बीनू अग्रवाल, पदमा घोष, महेश दुबे, हासी बैनर्जी, सुषमा बग्गा अपर्णा चांडक, गायत्री माधुरी कैवर्तय यादवी की विशेष भूमिका रही । उपस्थित सभी वरिष्ठजनों ने आयोजन का आनंद लिया।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26